रोहतक

शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 264
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**

अधि. 33.6
न्यून. 15.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 कोहली फिर जीरो पर आउट, नहीं चला गिल का बल्ला, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा वनडे भी जीता

# हिसार में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत होंगे देश के अगले मुख्य न्यायाधीश!



**न्यायमूर्ति सूर्यकांत वरिष्ठता के आधार पर कतार में सबसे आगे, सीजेआई गवई 23 को हो रहे सेवानिवृत्त**

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को शुरू कर दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। हिसार के रहने वाले न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के मुख्य न्यायाधीश के बाद सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं। ऐसे में वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई द्वारा अपने उत्तराधिकारी के लिए न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की सिफारिश भेजी जाएगी। परंपरा के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा चीफ जस्टिस ही अपने उत्तराधिकारी का नाम सरकार को भेजते हैं। नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ लोगों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करने के लिए कहने से संबंधित पत्र बृहस्पतिवार शाम या शुक्रवार तक मिल जाएगा। सूर्यकांत लगभग 15 माह तक इस पद पर रहेंगे।

*सूर्यकांत के मुख्य न्यायाधीश बनने से न्यायपालिका में नई ऊर्जा और उम्मीद का दौर शुरू होगा। उनकी नियुक्ति न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा है कि छोटे शहरों से भी बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है।*

*सिफारिश संबंधी पत्र सेवानिवृत्ति से एक माह पहले भेजा जाता है*

*न्यायाधीश सूर्यकांत लगभग 15 माह तक इस पद पर रहेंगे*

**संविधान और न्याय के जानकार**

1984 में उन्होंने हिसार की जिला अदालत से वकालत की शुरुआत की और जल्द ही 1985 में चंडीगढ़ स्थानांतरित होकर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे। उन्होंने संवैधानिक, सिविल और सर्विस मामलों में विशेषज्ञता हासिल की और कई विश्वविद्यालयों, बोर्डों और बैंकों के लिए कानूनी सलाहकार के रूप में कार्य किया।

## महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से की एलएलबी

जस्टिस सूर्यकांत का जन्म 10 फरवरी 1962 को हरियाणा के हिसार में हुआ। 1981 में उन्होंने गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, हिसार से ग्रेजुएशन किया और 1984 में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक से एलएलबी की डिग्री हासिल की। यही नहीं उन्होंने 2011 में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से एमएलएल (कानून में मास्टर डिग्री) फर्स्ट क्लास फर्स्ट रैंक से पास की। यह उनकी निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को दर्शाता है।

## उच्च न्यायालय से सर्वोच्च न्यायालय तक का सफर

वकालत में उत्कृष्टता के कारण उन्हें पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का एडवोकेट जनरल बनाया गया। 2004 में उन्हें न्यायाधीश नियुक्त किया गया और आगे चलकर वे हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने। उनकी स्पष्ट सोच, निष्पक्ष निर्णय और न्यायिक दृष्टिकोण ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाया।

**न्यायपालिका में नई ऊर्जा के प्रतीक :** जस्टिस सूर्यकांत उन जजों में गिने जाते हैं जिनके फैसलों में संवेदनशीलता और संविधान दोनों झलकते हैं। उन्होंने कई अहम मामलों में ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं, जो समाज के कमजोर वर्गों और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा से जुड़े रहे हैं।

## सीएम नायब सैनी के अफसरों को निर्देश, योजना का लाभ करें सुनिश्चित

# आधार से लिंक होंगे छात्रों के स्कॉलरशिप बैंक खाते

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में एससी और बीसी विद्यार्थियों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप के लिए विद्यार्थियों का बैंक खाता आधार से लिंक होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश के किसी भी विद्यार्थी की स्कॉलरशिप राशि न छूटे, अधिकारी इस काम को सुनिश्चित करें। केंद्रीय मंत्रालयों के द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की जानकारी लेने के लिए संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। सीएम ने मीटिंग में कहा कि स्कूल और कॉलेज भी योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को देकर स्कॉलरशिप के ऑनलाइन फॉर्म भी भरवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा मेधावी और जरूरतमंद छात्र आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़ें ये सरकार की जिम्मेदारी है। पात्र विद्यार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक करवा के समय पर स्कॉलरशिप प्रदान कराना अधिकारी सुनिश्चित करें।

*सीएम ने कहा कि विद्यार्थियों के दाखिले के समय ही काउसंलिग के दौरान अधिकारी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को जानकारी दें कि यदि वे स्कॉरशिप योजना के पात्रता में आते हैं तो विद्यार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक करवाएं, ताकि उन्हें समय पर स्कॉलरशिप मिल सके।*

**आर्थिक तंगी से कोई भी छात्र पढ़ाई बीच में न छोड़ें, ये सरकार की जिम्मेदारी**

**स्कूल और कॉलेजों के प्रिंसिपल भी विद्यार्थियों को दें योजनाओं की जानकारी**

**अधिकारी संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चलें**

### लाभार्थियों के ऑनलाइन भरवाए जाएंगे फॉर्म



**31 जनवरी तक आवेदन की तिथि**

हरियाणा में जो भी छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, वो 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल https://saralharyana.gov.in/ पर आवेदन जमा कर सकते हैं। सीएम ने कहा निरंतर बढ़ती प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विमुक्त घुमंतु, टपरीवास श्रेणी और अन्य वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग और प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से ये योजना चलाई जा रही है।

**12000 तक दी जाएगी छात्रवृत्ति**

योजना के तहत जो भी छात्र-छात्रा लाभ लेना चाहते हैं और आवेदन करने के लिए पात्र हैं, उनकी श्रेणी, कक्षा और प्राप्तांक के आधार पर 8 हजार से 12 हजार तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इससे उनको आर्थिक तौर पर मजबूती मिलेगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि वो ये छात्रवृत्ति प्राप्त करके अपनी उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण कर सके।

**एक नवंबर से ऑनलाइन डीड पंजीकरण अनिवार्य : चंडीगढ़।** हरियाणा की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि एक नवंबर 2025 से राज्य के सभी 22 जिलों में कागज रहित डीड पंजीकरण अनिवार्य हो जाएगा। हरियाणा सरकार का यह कदम पारंपरिक जटिल पंजीकरण प्रणाली से पूरी तरह से निजात दिलाकर सरल , डिजिटल, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल प्लेटफ़ॉर्म बन जाएगा।

**अब एक दिन में होगा दुकान का पंजीकरण : चंडीगढ़।** प्रदेश में अब दुकान का पंजीकरण एक दिन के अन्दर हो सकेगा। राज्य सरकार ने कारोबारी सुगमता और नागरिक सेवाओं में दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हरियाणा दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1958 (1958 का पंजाब अधिनियम 15) के अंतर्गत दुकान पंजीकरण की समय-सीमा को घटाकर एक दिन कर दिया है।

## सोनीपतः खेत में पलटा ट्रैक्टर दो युवा किसानों की मौत

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव चिटाना-माजरा में सड़क मार्ग पर अनियंत्रित ट्रैक्टर खेत में जा पलटा। ट्रैक्टर पर सवार दो किसान व मजदूर ट्रैक्टर के नीचे दब गए। जिसके चलते दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो मजदूर घायल हो गए। दोनों युवक खेती बाड़ी व मोटर साइकिल ठीक करने का काम करते थे। मिली जानकारी के अनुसार गांव चिटाना निवासी मनोज खेतीबाड़ी (32) व योगेश (25) मोटर साइकिल मिस्त्री के साथ खेती बाड़ी काम करता था। बुधवार देर रात को अपने मजदूर विकास व मनीष के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर खेत में जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रही किसी गाड़ी की लाइट के कारण रास्ते को देख नहीं सके। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गया। मनीष पहले ही कूद गया। जबकि योगेश, मनोज व विकास हादसे में चोटिल हो गए। राहगीरों की मदद से योगेश व मनोज को ट्रैक्टर के नीचे से निकालने का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**दो घायल, दोनों खेती बाड़ी का करते थे काम**

**देर रात खेत में पानी देने जा रहे थे, इसी दौरान हुआ हादसा**

## आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे मोदी



मोदी ने फोन पर मलेशियाई पीएम से की बात

दोनों पक्षों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने को उत्सुक

भारत की ओर से विदेश मंत्री जयशंकर करेंगे प्रतिनिधित्व

### मलेशिया में अगले सप्ताह होगा सम्मेलन

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अगले सप्ताह मलेशिया में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ फोन पर बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि वह आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से शामिल होने और दोनों पक्षों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री एस जयशंकर 27 अक्टूबर को कुआलालंपुर में 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत तथा अमेरिका, चीन, जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देश आसियान के वार्ता साझेदार हैं।

**26 से 28 अक्टूबर को होंगी बैठकें**

आसियान सदस्य देशों के अलावा, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत, चीन, जापान, कोरिया गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका और रूस शामिल हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में मलेशिया के प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कल रात प्रधानमंत्री मोदी से बात की और द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक रणनीतिक तथा व्यापक स्तर तक मजबूत करने के प्रयासों पर चर्चा की। आसियान की बैठकें कुआलालंपुर में 26 से 28 अक्टूबर तक होनी हैं।




**खबर संक्षेप**

### केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**रुद्रप्रयाग/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में स्थित विश्वप्रसिद्ध उच्च गढ़वाल हिमालयी धामों केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट बृहस्पतिवार को भैयादूज के पावन पर्व पर परंपरागत पूजा पाठ और विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए । केदारनाथ के कपाट सुबह साढ़े आठ बजे बंद किए गए। वहीं यमुनोत्री धाम के कपाट दोपहर साढ़े 12 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। *एजेंसी*

## तेजस्वी महागठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा

**पटना (ब्यूरो)।** बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा राजद प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे। उप मुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे। गहलोत ने कहा कि हमारा नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताए कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा। ऐलान के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझ पर फिर से भरोसा जताया है। सभी का दिल से धन्यवाद है। सबसे कहना चाहता हूं कि जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे।



मुकेश सहनी समेत 2 डिप्टी सीएम कैंडिडेट

(संबंधित खबर पेज 5 पर)

## भुल्लर के घर 7 दिन बाद फिर सीबीआई का छापा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** रिश्वत केस में पकड़े पंजाब के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर के घर 7 दिन बाद गुरुवार को दोबारा सीबीआई टीम पहुंची। चंडीगढ़ के सेक्टर 40 में स्थित कोठी में दोपहर करीब ढाई बजे दिल्ली नंबर की गाड़ी में 11 अधिकारी पहुंचे। टीम ने पूरे घर को खंगाला। परिवार के सदस्य भी मौके पर मौजूद थे। उनकी वीडियोग्राफी भी की कराई गई। सीबीआई के अधिकारी कुछ कागजात, एक कैमरा और प्रिंटर लेकर घर के अंदर गए। ग्राउंड फ्लोर से लेकर सेकेंड फ्लोर तक के सभी कमरों में मौजूद सामान की पैमाइश की गई। आकलन किया जा रहा है कि किस सामान की कितनी कीमत होगी। इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।



पत्नी-बेटे से पूछे सवाल, घर का हर कोना खंगाला

## रक्षा मंत्रालय ने खरीद प्रस्ताव को दी मंजूरी

# तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जाएंगे 79,000 करोड़ रुपये के हथियार, एडवांस नाग मिसाइल और सुपर रैपिड गन देंगी मजबूती

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को 79,000 करोड़ रुपये के एडवांस हथियार और सैन्य उपकरण खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में ये फैसला लिया गया। इससे नाग मिसाइल खरीदी जाएंगी, जो दुश्मन के टैंक और बंकर तबाह करने में सक्षम है। लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स बनाए जाएंगे, जिससे समुद्र से जमीन पर ऑपरेशन आसान हो सके। साथ ही एडवांस लाइटवेट टारपीडो की खरीद होगी, ताकि समंदर में पनडुब्बियों को ध्वस्त किया जा सके। इसके अलावा सुपर रैपिड गन खरीदी जाएंगी। इसमें नेवी, इंडियन आर्मी और एयरफोर्स के लिए कई महत्वपूर्ण सिस्टम शामिल हैं जिनका उद्देश्य सेना की क्षमता और तैनाती को बढ़ाना है।

**समुद्र से जमीन तक सैन्य ऑपरेशन चलाने होंगे आसान**

### दुश्मन के टैंक और बंकर तबाह करने में मिलेगी मदद

**नेवी**

नेवी के लिए लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स बनेगा, जो नेवी को समुद्र में बड़े ऑपरेशंस करने में मदद करेगा। ये शिप्स सेना को किनारे पर उतारने और एम्फीबियस ऑपरेशंस यानी समुद्र से जमीन पर करने में आसानी देंगे। साथ ही शांति मिशन, राहत कार्य और डिजास्टर मैनेजमेंट में भी सपोर्ट करेंगे।



**एयरफोर्स**

एयरफोर्स के लिए कोलैबरेट वि लांग रेंज टारगेट सेचुरेशन और डिस्ट्रक्शन सिस्टम खरीदा जाएगा। ये सिस्टम बिना पायलट के प्लेन को टेकऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, टारगेट डिटेक्शन और अटैक करने की ताकत देगा। यानी ये ऑटोनॉमस तरीके से दुश्मन पर हमला करेगा।

**थल सेना** थल सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम खरीदा जाएगा, जो ट्रैक्ड व्हीकल्स पर चलेगा। ये मिसाइल दुश्मन के टैंक, बंकर और दूसरी मजबूत दीवारों का खात्मा करने में माहिर है।

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक का नवंबर में उद्‌घाटन की संभावना



**चंडीगढ़।** सूबे के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि सन 1857 में लड़ी गई आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित अंबाला छावनी में निर्माणाधीन शहीद स्मारक एशिया का सबसे बड़ा स्मारक है। इस स्मारक के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता संग्राम की सच्चाई और शहीदों की कुर्बानियों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में इस स्मारक के उदघाटन होने की संभावना है और उनके द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया गया है कि वे इस महत्वपूर्ण शहीद स्मारक का उद्‌घाटन अपने कर-कमलों से करें।

### आईपीएस की शोक सभा 26 को नाडा साहिब में

**चंडीगढ़।** दिवंगत वरिष्ठ हरियाणा कैडर के आईपीएस और आईजी वाई पूरन कुमार की मृत्यु को लेकर एक शोक सभा का आयोजन 26 अक्तूबर को नाडा साहिब गुरुद्वारे में किया जाएगा। आईपीएस को न्याय दिलाओ नारे के साथ गठित 51 सदस्यों की कमेटी ने परिवार की सहमति बनने के बाद बुधवार देर शाम को शोक सभा का संदेश जारी किया है।

### रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया अन्नकूट भंडारा

**पंचकूला।** दीपावली के उपरांत मनाए जाने वाले अन्नपूर्णा के अवसर पर पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अन्नकूट भंडारा इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, पंचकूला में भक्ति और सेवा भाव से आयोजित किया गया। यह ट्रस्ट का 187वां भंडारा था । भंडारे की शुरुआत माँ अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात सैकड़ों जरूरतमंदों और स्थानीय निवासियों को प्रसाद के रूप में भोजन वितरित किया गया। भंडारे के आयोजन में अनुपमा रुंगटा, चैतन्य रुंगटा, सुरेश और निधि संधु विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ढोसी पहाड़ी पर शीघ्र आरंभ होगा रोपवे परियोजना का कार्य, महेंद्रगढ़ बनेगा वैश्विक पर्यटन केंद्र : मुख्यमंत्री

# 57 करोड़ की लागत से 870 मीटर लंबा रोपवे बनेगा, देश व विदेश से पहुंचेंगे पर्यटक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महेन्द्रगढ़ जिले की प्रसिद्ध ढोसी पहाड़ी पर प्रस्तावित रोपवे परियोजना सहित प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित परियोजनाओं को तेज गति से आगे बढ़ाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में यहां ढोसी हिल रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य के पर्यटन स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### रोपवे के निर्माण से ढोसी पहाड़ी तक पहुंचना आसान होगा

उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि स्थानीय विकास, रोजगार सृजन और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का सशक्त माध्यम है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ढोसी हिल रोपवे परियोजना लगभग 57 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही है, जिसके तहत इस क्षेत्र को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में तैयार किया जाएगा। प्रस्तावित रोपवे की लंबाई लगभग 870 मीटर होगी। रोपवे के निर्माण से ढोसी पहाड़ी तक पहुंचना आसान होगा, जिससे देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। यह परियोजना न केवल ढोसी क्षेत्र बल्कि महेंद्रगढ़ के ऐतिहासिक स्मारकों के प्रति भी पर्यटकों की रुचि को बढ़ाएगी। बैठक में महेंद्रगढ़ किला, माधोगढ़ किला तथा बावली के पुनर्विकास पर भी चर्चा की गई। सुझाव दिया गया कि बावली को "रानी महल" के रूप में विकसित किया जाए ताकि वहां मेहंदी और सांस्कृतिक आयोजनों का आयोजन हो सके। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि यह पहल स्थानीय रोजगार और पर्यटन विकास को नई दिशा देगी। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### गन्ना का समर्थन मूल्य बढ़ने से किसान खुश : यमुनानगर, कुरुक्षेत्र व अन्य जिलों के किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर किसान हित में कार्य कर रही है। चाहे किसानों के गन्ने का एमएसपी बढ़ाने की बात हो या धान एवं गेहूं आदि फसलों की एमएसपी पर खरीद हो, हर कदम किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास संत कबीर कुटीर में किसानों से बात कर रहे थे। कुरुक्षेत्र, यमुनानगर समेत कई क्षेत्रों से अनेक किसान दीपावली के अवसर पर गन्ने का एमएसपी बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद करने आए थे। गन्ने का एमएसपी बढ़ाने से गदगद हुए किसानों ने मुख्यमंत्री और उनके माध्यम से प्रधानमंत्री का आभार जताया ।

### किसानों को आय बढ़ाने की दिशा में कदम

नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने अगेती किस्म के गन्ने का रेट 400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल तथा पछेती किस्म का रेट 393 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 408 रुपये प्रति क्विंटल करके किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि गन्ने के समर्थन मूल्य में की गई बढ़ोतरी किसानों की मेहनत और समर्पण को सम्मान देने के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति को और मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को हरसंभव मदद दे रही है।

## पंचकूला को कौशल्या डैम से जल्द मिलेगी पेयजल आपूर्ति



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पंचकूला शहर को कौशल्या डैम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षतिग्रस्त वाटर पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि पंचकूला के विभिन्न सेक्टरों में पूर्व की भांति ट्यूबवेल की जगह डैम से पेयजल आपूर्ति बहाल की जा सके।मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राधिकरण पिंजौर-कालका क्षेत्र में स्वच्छ पानी के भंडारण हेतु 10-12 एकड़ भूमि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को उपलब्ध करवाए ताकि यह व्यवस्था होने से पिंजौर-कालका क्षेत्रों में भी कौशल्या डैम से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति शीघ्र शुरू की जा सके।

सैनी बृहस्पतिवार यहां व्यापक बांध सुरक्षा से संबंधित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के सभी संबंधित विभागों को पेयजल आपूर्ति के लिए भू-जल (ग्राउंड वाटर) की बजाय सतही जल (सरफेस वाटर) पर निर्भर रहना चाहिए तथा वर्षा के जल को वैज्ञानिक तरीके से संचित कर उसके उपयोग की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिएं। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सहित अन्य मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री ने एडीजीपी के निधन पर शोक जताया



**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार के आवास पर पहुंचकर एडीजीपी वाई पूरन कुमार के निधन पर शोक जताया। केंद्रीय मंत्री ने परिवार के अन्य सदस्यों से भी भेंट की।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने केंद्रीय मंत्री गडकरी को पत्र लिखा

## सांसद सैलजा ने कहा-वाहनों के चालान के नाम पर हो रहा उत्पीड़न



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव और सांसद सैलजा ने केंद्र सरकार से मोटर व्हीकल एक्ट में प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसी) से संबंधित चालानों की राशि को तर्कसंगत बनाने की मांग की है। सैलजा ने कहा कि हाल के दिनों में हरियाणा के अनेक शहरों सहित देशभर में दोपहिया वाहनों पर 10,000 से 15,000 तक के प्रदूषण चालान काटे जा रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित और आम जनता पर आर्थिक अत्याचार है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई सेकेंड-हैंड स्कूटी या मोटरसाइकिल की कीमत ही 20,000 के आसपास होती है, ऐसे में 10,000 का चालान गरीब और मध्यम वर्ग के लिए अत्यंत अन्यायपूर्ण है। उन्होंने स्कूटी और मोटरसाइकिल आम आदमी के आवागमन का प्रमुख साधन है। जिससे लोग परेशान है।


## CH. DEVI LAL COOP. SUGAR MILLS LTD., GOHANA

**TENDER NOTICE**

**Contact Numbers: 9050001542 (SSM)**

Online tenders are invited from Manufacturers / Traders / Authorized Distributors /Eexperienced (Sugar) Exporters for Sale of Press Mud having approximate estimated quantity 100 lakhs Quintal for ensuing crushins season 2025-26 for group of cluster Mills Rohtak, Sonipat, Meham & Gohana.

The online tenders can be submitted on Haryana E-procurement website https://etenders.hry.nic.in/. On line (E-Tendering) tenders completed in all respects should be filed / submitted latest by **30/10/2025 up to 11:00 A.M** on this site. All bidder firms should file / submit both their technical as well as financial bids through online mode on this website. ***Tenders will be opened on 11:30 AM of 30/10/2025.*** Undersigned reserves the right to cancel / reject any / all tenders without assigning any reason thereof. **The negotiations will be held on 30/10/2025 at 02-30 PM in front of Constituted Committee in the Meeting**

**Sd/- Managing Director**


केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर जड़े आरोप

## मनोहर बोले-बाबा साहब हमारे आदरणीय कांग्रेस ने हमेशा उनका अपमान किया



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल का कहना है कि कुछ हमारे विपक्ष के नेता मीन मेख निकालने का काम करते रहते हैं। हम सभी जानते हैं कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर आदरणीय महापुरुष हैं। उनके संविधान से ही देश आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने हमेशा अपमान किया केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने हमेशा ही संविधान और बाबा साहब का मजाक उड़ाने का काम किया है। मेरे एक बयान को तोड़ मरोड़ कर बता रहे हैं, लेकिन जनता विपक्षियों को हकीकत को जानती है। विपक्ष ने हमेशा उनका अपमान किया और मेरे बयान तोड़-मरोड़कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को लेकर भाजपा की ओर से तो देश की लोकसभा के अंदर खुलकर बात रखी थी।

### केंद्रीय मंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : राव नरेंद्र सिंह



चंडीगढ़ । हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने एक बयान में माध्यम से हाल ही में किसी कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए बयान को शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण बताया ।राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री का यह बयान ना केवल संविधान निर्माता बाबा साहेब के योगदान का अपमान है बल्कि देश व प्रदेश के दलित , पिछड़े और वंचित समाज की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाता है क्योंकि बाबा साहब ने ना केवल संविधान दिया बल्कि समानता , न्याय और अधिकारों की नींव रखी। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार के किसी मंत्री को ऐसे महापुरुषों के योगदान पर सवाल उठाना संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर हमला है। उन्हें अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए।

### बाबा साहेब का अपमान करना बीजेपी के डीएनए में : ढांडा



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर जो बातें कहीं हैं, वह किसी भी सूरत में बर्दाश्त करने योग्य नहीं हैं। खट्टर का बयान सिर्फ एक नेता का बयान नहीं, बल्कि बीजेपी की दलित विरोधी सोच और नफरत की जड़ को उजागर करता है। बाबा साहब को संविधान निर्माता के रूप में छोटा दिखाने की कोशिश सीधा-सीधा दलित समाज का अपमान है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का इतिहास बाबा साहब और दलित समाज के अपमान से भरा पड़ा है। संसद में अंबेडकर को ट्रेंड बताकर उनका मजाक उड़ाया गया। संविधान बदलने की बात कर उनके बनाए संविधान को ठुकराने की कोशिश की गई। दलित समाज से आने वाले जज पर हमला कर उन्हें बदनाम करने की मुहिम चलाई गई।

## बातचीत बंद करने से खफा होकर महिला पर चलाई गोली, आरोपी गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** उद्योग विहार एरिया में महिला द्वारा बातचीत बंद करने पर खफा हुए दोस्त ने महिला पर गोली चला दी। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देसी कट्टा बरामद कर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, यूपी के जौनपुर निवासी 31 वर्षीय विपिन गुडग़ांव के डूंडाहेड़ा गांव में किराए पर रहता है। वह यहां किसी निजी कंपनी में ड्राइवर की नौकरी करता है। विपिन की यूपी के प्रतापगढ़ निवासी व डूंडाहेड़ा गांव में रह रही 30 वर्षीया शिवांगी से दोस्ती थी। कुछ दिनों से शिवांगी ने विपिन से बात करनी बंद कर दी। जिस पर खफा होकर विपिन देशी कट्टे से शिवांगी पर गोली चला दी। गोली शिवांगी के कंधे पर लगी, उसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी विपिन को काबू कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में एक तरफा प्यार में वारदात को अंजाम देने के ऐंगल से भी जांच की जा रही है। वहीं, यह भी जांचा जा रहा है कि आरोपी वारदात में प्रयुक्त हथियार कहां से लाया था। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

### किसानों को 9029 करोड़ का भुगतान

चंडीगढ़। सूबे में खरीफ खरीद सीजन 2025 - 26 के दौरान किसानों के खातों में अब तक 9029.39 करोड़ रुपये की अदायगी उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। इस तरह सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया है।हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों को देखते हुए सभी निर्धारित मंडियों में धान की खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है।

### पारदर्शी तरीके से हो रही बाजरे की खरीद

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार पारदर्शी तरीके से और निष्पक्ष आधार पर बाजरा की खरीद कर रही है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बाजरा (मिलेट) की खरीद को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए गए भेदभाव के आरोपों को तथ्यात्मक रूप से गलत और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा और उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा बाजरा की खरीद पंजीकृत एजेंसियों के माध्यम से पारदर्शी तरीके से की जा रही है।


## उत्तर रेलवे

"अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे में एन. एस. जी–5 तथा एनएसजी–6 श्रेणी के स्टेशनों पर "स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट" को तीन वर्ष के लिये अधिकृत करने के लिए निविदाएं आमत्रित करना।

एनआर-यूएमबीओसीओएमएल/12/2025/O/o डीसीएम1/यूएमबी/एनआर दिनांक 22.10.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक , उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा मोहरबंध निविदायें इछुक उम्मीदवारों से स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु 03 वर्षों की अवधि के लिए आमंत्रित किये जाते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT संख्या एवं दिनांक | एनआर-यूएमबीओसीओएमएल/12/2025/O/o डीसीएम1/यूएमबी/एनआर दिनांक 22.10.2025 |
| 2 | रेलवे की वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3 | निविदा पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि | 24.10.2025 |
| 4 | निविदा पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 14.11.2025 को 14:00 बजे |
| 5 | निविदा पत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान | 14.11.2025 को 10:00 hrs से 15:00 बजे तक |
| 6 | निविदा पत्र खुलने की तिथि एवं स्थान | 14.11.2025 को 15:30 बजे (O/o प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अम्बाला छावनी हरियाणा–133031) |
| 7 | स्टेशन के नाम | अलाल, भारतगढ़, बरोग, बहादुर सिंह वाला, बठिंडा छावनी, चवापैल, छिन्तावाला, धाबलान, धानसू, दाऊं कलां, डूखेरी, गिल, गुम्मन, गर्ने, हिम्मताना, हंडाया, जुतोग, कनौह, कंडाघाट, कैथलीघाट, काउली, कौलसेरी, कुमारहटी, कलानौर, कोटी, लेहरामुहाबत, मियाँपुर, नोगनवां, किलारेपुर, रायपुर हरियाणा, सराय बंजारा, साधुगढ़, सेखा, सोगी, समरहिल, सालोगरा, साभू, सोनवाड़ा, तक्साल, तारा देवी, केसरी, बासी पठाना, टापा, समराला, कुराली, चाजली दराज़पुर, सोलन **(NSG–6 श्रेणी स्टेशन) चौबीसों घंटे ड्यूटी।** |
| | | जगधरी वर्कशॉप, रामपुरा फूल, अहमदगढ़, बरारा, धूरी, खन्ना, मोरिंडा **(NSG–5 श्रेणी स्टेशन) चौबीसों घंटे ड्यूटी** |
| | | NSG–5 श्रेणी स्टेशनों के लिए शिफ्ट–विशेष ड्यूटी |
| | | आनंदपुर साहिब: 2 शिफ्ट (5–13 बजे और 13–23 बजे) रात्रि शिफ्ट बंद |
| | | रूपनगर: 2 शिफ्ट (5–13 बजे और 13–23 बजे) रात्रि शिफ्ट बंद |
| | | नंगल डैम: 2 शिफ्ट (5–13 बजे और 13–23 बजे) रात्रि शिफ्ट बंद |
| | | संगरूर: 1 शिफ्ट (8:00–20:00 घंटे) |
| | | मलोट: 1 शिफ्ट (8:00–20:00 घंटे) |
| | | गिद्दरबाहा: 1 शिफ्ट (8:00–20:00 घंटे) |
| | | मलेरकोटला: 1 शिफ्ट (8:00–20:00 घंटे) |
| 8 | निविदा पत्र का मूल्य (गैर वापसी) | रु. 1180/- RTGS के माध्यम से निम्नलिखित रेलवे जमा खाते में जमा किया जाना अनिवार्य है। इसके साथ ही, इसका दस्तावेजी प्रमाण आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना चाहिए। खाता धारक का नाम: FB / LB न्यू दिल्ली (0691), वरिष्ठ विभागीय वित्त प्रबंधक, नॉर्दर्न रेलवे, अंबाला छावनी बैंक का नाम: स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया खाता संख्या: 10580294072 IFSC कोड: SBIN0000607 |
| 9 | ध्यान धरोहर राशि (वापसी योग्य) | 2000/- NSG-6 व 5000/- NSG-5 के RTGS के माध्यम से निम्नलिखित रेलवे जमा खाते में जमा किया जाना अनिवार्य है। इसके साथ ही, इसका दस्तावेजी प्रमाण आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना चाहिए। खाता धारक का नाम: FB/LB न्यू दिल्ली (0691), वरिष्ठ विभागीय वित्त प्रबंधक, नॉर्दर्न रेलवे, अंबाला छावनी बैंक का नाम: स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया खाता संख्या: 10580294072 IFSC कोड: SBIN0000607 |

**नोट:** आवेदक को आवेदन पत्र हिंदी या अंग्रेजी में भरना व जमा करना होगा। यदि कोई आवेदक दोनो भाषाओं में आवेदन पत्र जमा करता है तो रेलवे प्राधिकरण आवेदन को अस्वीकार कर सकता है।

3291/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


पंजाब डीजी रैंक के अधिकारी के बेटे की मौत का मामला

इंटर स्टेट मामला होने के कारण हरियाणा पुलिस नहीं कर सकेगी जांच, टीम को पंजाब जाने और जांच में आएगी दिक्कत

# हरियाणा सरकार ने सीबीआई जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र भेजा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार पंजाब में डीजी रैंक के अफसर मोहम्मद मुस्तफा के युवा बेटे अकिल की मौत के मामले की जांच आने वाले वक्त में सीबीआई को दिए जाने की तैयारी हो गई है। हरियाणा के गृह विभाग की ओर से इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय के माध्यम से सीबीआई से जांच कराने का आग्रह किया है, क्योंकि पूरा मामला इंटर स्टेट का है, साथ ही हरियाणा एसआईटी टीम को पंजाब जाकर जांच पड़ताल करने में कई तरह की चुनौतियां पेश आएंगे, पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार है। बहरहाल, पूरे घटनाक्रम में डीजी रैंक अफसर के बेटे अकिल की मौत, ड्रग व नशे का आदि होने के मामले ने साफ कर दिया है कि पंजाब वैसे, ही उड़ता पंजाब नहीं बल्कि वीवीआईपी परिवारों के बच्चों का जीवन भी सुरक्षित नहीं है।

### जांच में शामिल होने के लिए भेजा गया था नोटिस

पूर्व डीजी रैंक के अफसर मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकिल की संदिग्ध मौत के मामले में सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी की ओर से एक नोटिस भी परिवार को जांच में शामिल होने के लिए भेजा गया था। लेकिन वीरवार को मुस्तफ़ा परिवार पंचकूला जांच में शामिल होने नहीं आया। पुलिस ने जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेज कहा था। एसआईटी के मुखिया डीएसपी विक्रम नेहरा का कहना है कि वीरवार को नहीं आए हैं, अब दोबारा नोटिस जारी किया जाएगा। एसआईटी मुखिया एसीपी विक्रम नेहरा ने कहा कि टीम ने पटियाला के एक डी- एडिक्शन सेंटर में जाकर अक़ील के इलाज से जुड़े रिकॉर्ड की जांच पड़ताल की है।

## पूर्व डीजीपी पिता, मां सहित चार पर केस दर्ज

यहां पर बता दें कि पंचकूला पुलिस ने दर्ज किया शिकायत पर चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज, जिसमें पिता पूर्व डीजीपी, पत्नी रजिया सुल्ताना, बहन, बहू जैनब के नाम शामिलपंचकूला की डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने केस दर्ज होने और जांच की शुरुआत को लेकर पुष्टि की है. पूरे मामले में डीएसपी स्तर के अधिकारी विक्रम नेहरा ने कमान संभाल ली है। पंजाब पूर्व डीजी रैंक अफसर मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर मौत का मामला सीबीआई के पास जाने की संभावना प्रबल हो गई। गृह विभाग ने सीबीआई को सौंपने के लिए पत्र भी भेज दिया है। प्रक्रिया शुरू हो जाने के साथ ही प्रक्रिया शुरु हो गई है। बहरहाल, पूर्व डीजी रैंक के अफसर मुस्तफा के बेटे अकिल मुहम्मद की संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ गया है। मामला ओवरडोज या कोई साजिश हुई थी। इस तरह के गंभीर आरोपों को लेकर सीपी पंचकूला के पास में आई एक शिकायत पर पंचकूला पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मनसा देवी कॉपलेक्स एरिया थाने में अकील अख्तर की हत्या के मामले में पूर्व डीजी मुस्तफा शमशूद्दीन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। अकील अख्तर की संदिग्ध मौत 16 अक्टूबर को हुई थी।

### सियासी रोटियां सेक रहे राजनेता: पूर्व डीजी

पूर्व रिटायर डीजी रैंक अफसर पंजाब-पूरे मामले में पूर्व डीजी रैंक अफसर मोहम्मद मुस्तफा ने पूरे मामले को सियासत से प्रेरित कहा और बताया कि शिकायत करने वाला एक विधायक का पीए है। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा पंजाब में नशे और ड्रग की बीमारी के जाल में फंस गया था, जिस कारण से एक मनोरोगी हो गया था, बेटे की मौत पिता के सामने हो जाने का कष्ट मुझ पर और पूरे परिवार पर आ गया है। लेकिन कुछ लोग इसमें लगातार सियासत कर रहे हैं।


## उत्तर रेलवे

ई–टेंडरिंग

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–14 / 2025–26 दिनांक 17.10.2025

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर / जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विघुत–19/ 2025-26 (ओपन टेंडर) | निरीक्षण गड्ढे का पुनर्निर्माण, आरडब्ल्यूपी के साथ घाटी नाली का प्रतिस्थापन और डीजल शेड अंबाला की अन्य मरम्मत, पटियाला माल शेड का उन्नयन जिसमें पहुंच मार्ग, चारदीवारी और नया गुड्स ऑफिस शामिल है, अबोहर स्टेशन पर कराची माल साइडिंग का उन्नयन और 4 नए डॉक्टर्स चैंबर, एक डार्क रूम और 03 केबिन प्रदान करके ओपीडी का विस्तार करके डिवीजनल रेलवे अस्पताल का उन्नयन और सीनियर एडीईएन / यूएमबी के तहत अन्य संबंधित कार्य | Rs. 4954489.59 | Rs. 99100.00 | 03 महीने | 10.11.2025 |
| 2 | 30-विघुत–20/ 2025-26 (ओपन टेंडर) | एसएसई / डब्ल्यू / ई / अंबाला खंड में पुरानी रेलवे कॉलोनी (चरण–II) में पार्क का विकास उन्नयन संबंधित कार्य | Rs. 1037620.97 | Rs. 20800.00 | 02 महीने | 10.11.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार **PAN/TIN/GST** सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग / या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15:00 बजे** से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

3281/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### 1.108 किलो चरस का सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** 1 किलो 108 ग्राम मादक पदार्थ चरस सप्लाई मामले की जांच एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में एसआई बलराज की टीम द्वारा करते हुए आरोपी चरस सप्लायर गांव खानपुर निवासी मंदीप कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 अक्तुबर को एंटी नारकोटिक सेल द्वारा गांव उझाना निवासी गुरमेल सिंह को वाटर सप्लाई उझाना के पास नाकाबंदी करके गांव उझाना की तरफ से पैदल आए संदिग्ध गुरमेल उपरोक्त को पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया गया था। जिसके कब्जे में एक थैला प्लास्टिक से 1 किलो 108 ग्राम चरस बरामद हुआ था।

### छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला

**नारायणगढ़।** कालाअंब के राज ने पटाखे चलाने की रंजिश में कुछ युवकों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। राज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 वीं कक्षा में पढ़ाई करता है। 20 अक्तूबर को रात में वह और उसका भाई पिता के साथ गली में खड़े थे। इस दौरान वहां पर पहुंचे चार युवकों ने उससे गाली-गलौज करनी शुरू कर दी।

### कर्ज के बोझ तले दबा व्यक्ति फंदे पर झूला

**फरीदाबाद।** मुजैड़ी गांव में रुपये के लेन-देन में परेशान होकर एक व्यक्ति ने अपनी फैक्ट्री में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में उसने आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के आरोप में दो लोगों के नाम लिखे हैं। तिरखा कालोनी के रहने वाले मुकेश कुमार ने थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बड़े भाई प्रेमचंद ने लिफ्ट बनाने की फैक्ट्री मुजैड़ी गांव में बनाई हुई है।

### ढाबा पर मारपीट करने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा मारपीट करने वाले शरारती तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसके निरंतर में 20-21 अक्टूबर की रात को अपना भोजनालय पर हुई मारपीट के मामले में 24 घंटे के अंदर ही तीन आरोपियों को थाना कोतवाली की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। 21 अक्टूबर को धीरज भाटिया निवासी फरीदाबाद की शिकायत पर थाना कोतवाली में मारपीट व तोडफोड की धाराओं के अर्तगत एक मामला दर्ज किया गया।

### बेकाबू हुई कार ने तोड़ी रेलिंग,ड्राइवर घायल

**फरीदाबाद।** गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बाटा से डबुआ की तरफ जाने वाले हार्डवेयर चौक के गोल चक्कर पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रण होकर गोल चक्कर की रेलिंग को तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। यह घटना सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है। हादसे में कार चालक को हल्की चोटें आई, लेकिन बड़ी गनीमत रही कि कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। कार के सामने का शीशा और अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# ड्रैगन फ्रूट की खेती से मरुभूमि दैय्यड़ के किसान सुनील की बदली किस्मत, अब लाखों की कमाई

**मेहनत, लगन और नवीन सोच के बल पर रेतीली भूमि को उपजाऊ बनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

अगर किसी व्यक्ति में कुछ कर गुजरने की सच्ची इच्छा और दृढ़ निश्चय हो, तो वह अपने सपनों को हकीकत में बदल सकता है। इस कहावत को सच साबित किया है फतेहाबाद जिले के भट्टू कलां खंड के गांव दैय्यड़ के किसान सुनील कुमार बरड़वाल ने। सुनील ने अपनी मेहनत, लगन और नवीन सोच के बल पर रेतीली भूमि में वह कर दिखाया है जो कभी असंभव माना जाता था, ड्रेगन फ्रूट की सफल खेती। सुनील कुमार ने पारंपरिक गेहूं, कपास और सरसों जैसी फसलों की जगह अपनी 2 एकड़ जमीन में ड्रेगन फ्रूट की खेती शुरू की। शुरुआत में गांव और आसपास के किसानों को यह विचार कुछ अजीब लगा, लेकिन सुनील ने हार नहीं मानी। उन्होंने खेती की आधुनिक तकनीकों को सीखने के लिए केरल तक का सफर किया, जहां ड्रेगन फ्रूट की उन्नत खेती होती है। वहां उन्होंने विशेषज्ञों और किसानों से प्रशिक्षण लेकर इस फसल की सिंचाई, देखभाल और बाजार संभावनाओं की गहराई से जानकारी हासिल की। आज सुनील कुमार के खेतों में लगे ड्रैगन फ्रूट के पौधे पूरी तरह फल देने लगे हैं। उनकी फसल न केवल उनकी आय का प्रमुख स्रोत बन चुकी है, बल्कि पूरे इलाके में प्रेरणा का केंद्र भी बन गई है। उनकी सफलता की चर्चा दूर-दूर तक फैल चुकी है। आसपास के गांवों के किसान अब उनके खेतों पर पहुंचकर ड्रैगन फ्रूट की खेती की तकनीक सीख रहे हैं।



भट्टूकलां। खेत में लगे ड्रैगन फ्रूट दिखाते सुनील कुमार।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में कारगर

सुनील खुद भी इच्छुक किसानों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दे रहे हैं ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक किसान इस उच्च-मुनाफे वाली फसल की ओर बढ़ सकें। ड्रैगन फ्रूट अपने स्वाद और स्वास्थ्य लाभों के कारण बाजार में लगातार लोकप्रिय हो रहा है। इसमें विटामिन-सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और शरीर को कई बीमारियों से बचाते हैं।

### एमएससी डिग्री धारक है सुनील कुमार

पढ़ाई में एमएससी डिग्री धारक सुनील कुमार फिलहाल फतेहाबाद सिविल अस्पताल में डेटा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। नौकरी के साथ-साथ कृषि के प्रति उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ। कोरोना महामारी के दौरान जब अधिकांश लोग घरों में बंद थे, तभी सुनील ने समय का सदुपयोग करते हुए नई फसलों की संभावनाएं तलाशनी शुरू कीं। उन्होंने मोबाइल ऐप्स, कृषि विशेषज्ञों और ऑनलाइन सेमिनारों की मदद से ड्रेगन फ्रूट की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई।

### शुरूआती लागत एक लाख रुपये तक

ड्रैगन फ्रूट की खेती में शुरुआती लागत कुछ लाख रुपये तक जाती है, जिसमें पौधे, सीमेंट पोल, ड्रिप सिंचाई व्यवस्था और जैविक खाद का खर्च शामिल है। लेकिन यह फसल एक बार तैयार होने के बाद 10 से 15 वर्षों तक उत्पादन देती है, जिससे यह निवेश लंबे समय तक लाभदायक साबित होता है। सुनील कुमार का यह प्रयास आज क्षेत्र के किसानों के लिए एक जीवंत उदाहरण बन चुका है। उन्होंने यह दिखाया है कि सही दिशा, ज्ञान और मेहनत से कृषि को भी आधुनिक और लाभकारी व्यवसाय में बदला जा सकता है।

**वारदात : एक युवक को गोली लगी, अन्य दो युवकों के सिर व पैर में काफी चोटें आई**

# सोशल मीडिया पर कहासुनी, बदमाशों ने पिपली के पूर्व सरपंच पर गोलियां दागीं

**हाथों में लाठी-डंडे और हथियार लेकर पहुंचे थे हमलावर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

सोशल मीडिया के माध्यम से कहे गए अपशब्दों ने पुरानी रंजिश को हवा दी जिसके चलते हमलावर शस्त्रों से लैस होकर पिपली पहुंचे और पूर्व सरपंच रामनिवास के घेर में पहुंचकर गोलियां दागीं व मौजूद युवकों को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार एक युवक को गोली का छर्रा लगा है। जबकि अन्य दो युवकों के सिर व पैर में काफी चोटें आई हैं। वर्तमान वारदात के पीछे सोशल मीडिया के माध्यम से गाली गलोज किया जाना बताया जा रहा है।



खरखौदा। सरकारी अस्पताल में इलाज कराता घायल युवक। फोटो : हरिभूमि

### तीनों घायल रोहतक पीजीआई रेफर

पूर्व सरपंच के मुताबिक, हमलावरों के जाने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाया। सूचना देने पर खरखौदा पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। घायल तीनों व्यक्तियों को पहले निजी अस्पताल खरखौदा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया

### पूर्व सरपंच इन दिनों जमानत पर

पूर्व सरपंच रामनिवास एक मामले में जेल बंद थे और इन दिनों जमानत पर हैं। सोशल मीडिया में उनके विरोधियों के खिलाफ अपशब्द बोले गए हैं। उधर कुछ ग्रामवासी आशंका जता रहे हैं कि फेक आईडी से सोशल मीडिया में अपशब्दों को प्रसारित किया गया है। जिस कारण मामले ने तूल पकड़ा और घटना घटित हुई। वारदात में घायल भगत सिंह पिपली ने बताया कि एक दिन पहले किसी से मोटरसाइकिल टकरा गई थी और दोनों पक्ष पूर्व सरपंच रामनिवास के घेर में समझौता वार्ता के लिए पहुंचे थे, संयोगवश हमले के शिकार हो गए। उनके सिर, कमर व हाथों पर काफी चोटें लगी हैं।

### लक्ष्य बनाकर पहुंचे थे बदमाश

बताया गया है कि इस झगड़े में नवीन को गोली लगी है और नवीन के भाई सोनू का पैर टूट गया है। जिन्हें इलाज के लिए रोहतक के अस्पताल में ले जाया गया है। कहना न होगा कि हमलावर पूर्व सरपंच रामनिवास को लक्ष्य बनाकर घटनास्थल पर पहुंचे थे। सौभाग्य से घटना के वक्त वह अन्य मकान में था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि वह मौके पर होता तो घटना का रुख कुछ और होता। इस वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए व पुलिस की टीमों को आरोपियों को पकड़ने की कार्यवाही तेज कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हो पाया था।

**टोहाना में नांगली मोड़ पर सड़क हादसा**

# बाइक बचाने में टाटा ऐस पलटी, 12 यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

गांव नांगली मोड़ पर एक सड़क हादसे में 12 लोग घायल हो गए। बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में एक टाटा एस गाड़ी पलट गई। घायलों में चार महिलाएं भी शामिल हैं। हादसे के बाद पांच लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज नागरिक अस्पताल में चल रहा है। यह हादसा तब हुआ जब टाटा एस गाड़ी नंगला गांव से सवारियों को लेकर हिसार के बरवाला जा रही थी। गाड़ी चालक मनदीप ने बताया कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक को बचाने के लिए उसने गाड़ी को साइड में किया, जिससे वह खेत में पलट गई। इस दौरान बाइक भी गाड़ी से टकरा गई। घायलों में बाइक सवार खड़वाल निवासी 28 साल के चेतन, 24 साल के प्रदीप और 22 साल की सोनू शामिल हैं। टाटा एस में सवार घायलों में 60 साल के दलाल सिंह (नंगला), 25 साल का अमन, राजेंद्र और चालक मनदीप सहित कुल 10 लोग शामिल हैं। चेतन, प्रदीप, सोनू, दलाल सिंह और अमन को गंभीर चोटों के कारण हायर सेंटर रेफर किया गया है।




**प्रदूषण फैलाने वाली अवैध इकाइयों पर कार्रवाई**

# बहादुरगढ़: एल्यूमीनियम कचरा गलाने की 11 भट्टियां ध्वस्त

**बिना अनुमति एल्यूमीनियम कचरा गलाने पर एचएसपीसीबी की कार्रवाई से हड़कंप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने वीरवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव गुभाना में संचालित एल्यूमीनियम वेस्ट मेल्टिंग भट्टियों को ध्वस्त कर दिया। विभाग को सूचना मिली थी कि यहां बिना किसी अनुमति के एल्यूमीनियम कचरा गलाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण फैल रहा है। बता दें कि हर साल एचएसपीसीबी की टीम गांव गुभाना में अवैध रूप से एल्यूमीनियम कचरा गलाने वाली भट्टियों को ध्वस्त करता है। लेकिन ये फिर से चालू हो जाती हैं। पिछली बार बिजली कनेक्शन कटने के बाद इन अवैध फैक्ट्रियों ने अब सोलर प्लांट लगवा लिए हैं। वीरवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने मौके पर पहुंचकर गांव गुभाना 3 अलग-अलग स्थानों पर कुल 11 भट्टियां पकड़ी। ये रात के समय गुपचुप तरीके से संचालित की जा रही थीं। एसडीओ अमित दहिया की अगुवाई में टीम ने इन सभी भट्टियों को ध्वस्त करते हुए संचालन पूरी तरह बंद करवाया। उन्होंने बताया कि ये यूनिट न केवल बिना अनुमति चल रही थीं बल्कि इनके संचालन से भारी धुआं और जहरीली गैसें निकल रही थीं, जिससे ग्रामीणों को सांस लेने में दिक्कत और पर्यावरण को नुकसान हो रहा था। पहले भी विभाग ने भट्टियों को हटाने की सख्त कार्रवाई की थी। अब डीटीपी को शिकायत देकर इन्हें ध्वस्त करवाया जाएगा। उनके अनुसार प्रदूषण नियंत्रण को लेकर नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है।



बहादुरगढ़। अवैध भट्टियों को ध्वस्त करवाते एसडीओ अमित दहिया।

**करनाल में घटना, खिड़कियों के शीशे टूटे**

# नाइट्रोजन गैस से भरे सिलेंडर में धमाके से अफरा-तफरी

- घर में कोई नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया
- पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच प्रारंभ कर दी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ करनाल

करनाल के रामनगर क्षेत्र में गुरुवार प्रातः नाइट्रोजन गैस से भरे सिलेंडर में अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके की आवाज इतनी तीव्र थी कि आसपास के घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए और गली में खड़ी गाड़ियों के शीशे बिखर गए। सौभाग्य से उस समय घर में कोई नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सिलेंडर गुब्बारे भरने के काम में प्रयुक्त होता था। पहले भी लोगों ने रिहायशी इलाके में ऐसा कार्य न करने की सलाह दी थी, लेकिन चेतावनी के बावजूद काम जारी था। धमाके के बाद गली में कांच के टुकड़े और मलबा फैल गया। मकान का मुख्य द्वार भी उड़कर दूर जा गिरा।

महिला ने बताया कि वह झाड़ू लगा रही थी, तभी अचानक धमाका हुआ और सिलेंडर घूमने लगा। वह डर के मारे भागी, तभी सिलेंडर फट गया। पुलिस थाना रामनगर प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन आसपास के मकानों व वाहनों को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच प्रारंभ कर दी है।

**फरीदाबाद में बड़ा हादसा**

# साले के साथ जा रहे जीजा को पिकअप ने कुचला

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ फरीदाबाद

डबुआ थाना क्षेत्र में अपने साले के साथ स्कूटी पर जा रहे जीजा की सडक़ हादसे में मौत हो गई। सैनिक कालोनी के मोड़ पर पिकअप ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मारी। जिससे पीछे बैठा युवक संतुलन खोकर गिर पड़े। इसके बाद पिकअप उनको कुचलते हुए चला गया। घायल अवस्था में युवक को बादशाह खान अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। एसजीएम नगर में रहने वाले फकरुद्दीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके जीजा असलम कालोनी में ही सैलून चलाते हैं। वह बुधवार को अपने जीजा के साथ सैनिक कालोनी मोड पर पेट्रोल भरवाने के लिए जा रहे थे। मोड के पास पहुंचने पर जब वह यूटर्न लेकर पेट्रोल पंप की तरफ आए तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मारी। जिससे स्कूटी गिर गई। स्कूटी पर सवार फकरूद्दीन और असलम दोनों संतुलन खाकर गिर गए। असलम अपने आपको संभालते इतने में पिकअप उनको रौंदती हुई आगे बढ़ गईए जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए।








महागठबंधन पर जमकर बरसे पीएम मोदी

# लठबंधन वाले सिर्फ लठ चलाना जानते हैं, इन्हें युवाओं की चिंता नहीं

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार चुनाव में प्रचार करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार के मेरे युवा साथियों, आप सभी को भाई-दूज के पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं। आज चित्रगुप्त पूजा का पावन दिन भी है। छठी मइया की पूजा की तैयारी भी जोरों पर है। साथ ही बिहार लोकतंत्र का महापर्व भी मना रहा है। ये बिहार की समृद्धि का नया अध्याय लिखने का चुनाव है। इसमें बिहार के नौजवानों की बहुत बड़ी भूमिका है। बिहार में हर एक क्षेत्र में, हर एक दिशा में काम हो रहा है। जब स्थिरता होती है, तो विकास तेज होता है। आज बिहार का हर नौजवान उत्साह से कह रहा है रफ्तार पकड़ चुका है बिहार, फिर से एनडीए सरकार! पीएम ने कहा कि जो लोग अपने आप को गठबंधन कहते हैं, बिहार की जनता उनको लठबंधन कहती है। वो सिर्फ लठ चलाना और झगड़ा करना जानते हैं। लठबंधन वालों के लिए अपना स्वार्थ ही सबसे बड़ा है। इन्हें बिहार के युवाओं की चिंता नहीं है।



### सभी को पुरानी बातों को बताएं

पीएम मोदी ने कहा कि मैं बिहार के सभी नौजवानों से कहूंगा कि हर बूथ में सब नौजवानों को एकत्र करें और उस इलाके में जो बुजुर्ग लोग हों, वो आकर जरा सबको पुरानी बातों को बताएं। वो जो विचलित करने वाले उनके अनुभव हैं, वो सभी नई पीढ़ी को बताने का कार्यक्रम बनाया जा सकता है। बिहार के सभी युवा कार्यकर्ताओं को एक और काम करना है।

### फिर से जंगलराज न आने दें

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार को बाहर लाने में बहुत मेहनत लग रही है, लेकिन हम लोग कर रहे हैं। हमने 2014 के बाद से बड़ी मेहनत की है। एनडीए ने बिहार को जंगलराज के अंधेरे से निकालकर विकास की नई रोशनी में लाने का काम किया है। बीते वर्षों में बिहार में विकास के जो कार्य हुए हैं, उनसे एक मजबूत नींव बन गई है। अब हमें इसपर विकास की भव्य इमारत बनानी है। इसके साथ ही भाजपा के अन्य नेताओं ने भी महागठबंधन पर प्रहार किया।

### 'लालू ने गैंगस्टर के संबंधियों को भी दे दिया टिकट

उन्होंने गैंगस्टर से नेता बने दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को आगामी चुनावों में टिकट देने के लिए भी राजद की आलोचना की और कहा कि इससे पता चलता है कि पार्टी बिहार के लिए कितनी चिंतित है। राजद ने शहाबुद्दीन के बेटे को मैदान में उतारा है।

औरंगाबाद और वैशाली में बरसे नड्डा

## बिहार चुनाव को 'विकास' और 'विनाश' के बीच की लड़ाई बताया



कांग्रेस पर साधा निशाना, परजीवी पार्टी बताया

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा और उस पर एक परजीवी पार्टी होने का आरोप लगाया जो अपने कनिष्ठ सहयोगियों को खत्म कर देती है। राजद पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली पार्टी 'रंगदारी' (जबरन वसूली), 'जंगल राज' (अराजकता) और 'दादागिरी' (धमकी) का प्रतीक है। तेजस्वी यादव द्वारा युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने के वादे का मजाक उड़ाते हुए उन्होंने कहा कि राजद के ऐसे वादे उन्हें जमीन के बदले नौकरी घोटाले में पार्टी की कथित संलिप्तता की याद दिलाते हैं। राजद के चुनावी वादे की आलोचना करते हुए नड्डा ने जानना चाहा कि वेतन देने के लिए पैसे कहां से आएंगे।

### 'जंगल राज' में अपहरण एक उद्योग बन गया था

राजद पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राजद के 'जंगल राज' के दौरान अपहरण एक उद्योग बन गया था। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का नाम लिए बिना नड्डा ने आरोप लगाया कि लोग इस तथ्य से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि अपहरण के मामलों में फिरौती की रकम तत्कालीन मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर तय होती थी।

### एनडीए समग्र विकास कर रही

वैशाली जिले के पातेपुर विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए, नड्डा ने कहा कि एनडीए सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। बिहार में दस हवाई अड्डे बनाए जा रहे हैं, जिससे राज्य से निर्यात बढ़ेगा, साथ ही केंद्र द्वारा स्थापित मखाना बोर्ड किसानों की आय बढ़ाएगा। युवा आयोग युवाओं के जीवन में बदलाव लाएगा।

गहलोत ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया ऐलान

## तेजस्वी होंगे सीएम का चेहरा और सहनी होंगे डिप्टी सीएम, अन्य उपमुख्यमंत्री भी होंगे

बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद के चेहरों का ऐलान कर दिया। महागठबंधन ने स्पष्ट कहा कि पूरा गठबंधन एकजुट है। बिहार में बदलाव लाने के लिए तैयार है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी यादव होंगे। वहीं मुकेश सहनी को महागठबंधन ने उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया है। गहलोत ने कहा कि सरकार बनने पर अन्य वर्गों से भी उपमुख्यमंत्री बनाएं जाएंगे। सभी दलों ने एक स्वर में कहा कि भारी बहुमत से हमलोग सरकार बनाने जा रहे हैं।



### 28 को संयुक्त घोषणा पत्र जारी करेगा महागठबंधन, राहुल- तेजस्वी करेंगे रैली

महागठबंधन 28 अक्टूबर को पटना में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना संयुक्त घोषणा पत्र जारी करेगा। पहले चरण के मतदान से पहले और उसके बाद दूसरे चरण की सीटों के लिए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव संयुक्त रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खरगे भी छठ पूजा के बाद प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे।

## कांग्रेस ने 'माई बहिन मान योजना' लांच की

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने महिला वोटरों को साधने के लिए कर्नाटक चुनाव वाला दांव चल दिया है। कांग्रेस ने बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित 'माई बहिन मान योजना' नामक एक अभियान लांच किया है। माई बहिन मान योजना को लेकर कांग्रेस ने बिहार की महिलाओं से वादा किया है कि अगर उनकी पार्टी की सरकार बिहार में बनती है तो वो प्रत्येक जरूरतमंद महिला के बैंक खाते में हर महीने 2500 की धनराशि सरकार की ओर सीधे ट्रांसफर की जाएगी।

ऑपरेशन सिंदूर से पूरी दुनिया को गया संदेश...

## किसी भी चुनौती का जवाब देने को भारत तैयारः राजनाथ



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे नौसेना के तीन दिवसीय कमांडर सम्मेलन को गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। जिसमें उन्होंने सबसे पहले 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के जवाब में की गई सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया और कहा कि इसके जरिए समूची दुनिया को यह संदेश चला गया है कि भारत किसी भी चुनौती से कभी भी दो-दो हाथ करने के लिए हमेशा तैयार है।

### 75% अग्निवीरों को परमानेंट करने का रखा जाएगा प्रस्ताव

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए गुरुवार शाम करीब 6:20 पर जैसलमेर पहुंचे। रक्षा मंत्री ने शौर्य पार्क और कैक्टस पार्क का उद्घाटन किया। इन स्थलों में भारतीय सेना के इतिहास, युद्धों और वीर जवानों की गाथाएं प्रदर्शित की गईं। बता दें कि गुरुवार 23 से 25 अक्टूबर, यानी तीन दिन तक आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस जैसलमेर में हो रही है। इस दौरान राजनाथ के सामने थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी सेना में अग्निवीरों की स्थायी नियुक्ति 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 फीसदी करने का प्रस्ताव रखेंगे।

## यूपीआई का नया रिकॉर्ड, अब तक की 'सबसे बड़ी धनतेरस' 1.02 लाख करोड़ का लेन-देन

नई दिल्ली(ब्यूरो )। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म से 18 अक्टूबर यानी धनतेरस के दिन 1.02 लाख करोड़ रुपये के लेन-देन हुए हैं और इस दौरान लेन-देन की संख्या 75.4 करोड़ रही है, जो कि एक दिन में लेन-देन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। वित्त मंत्री ने कहा कि धनतेरस से दीपावली के तीन दिनों के दौरान यूपीआई पर औसत लेनदेन की संख्या 73.69 करोड़ रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 64.74 करोड़ थी। उन्होंने आगे कहा कि इस साल खुदरा विक्रेताओं के लिए दीपावली धमाकेदार रही है और जीएसटी दरों में कटौती से खपत में बढ़ोतरी हुई है, जिससे मध्यम वर्ग को इस त्योहारी सीजन में अपने बजट में ही अधिक शॉपिंग करने का मौका मिला है।

## ऑनलाइन कंटेंट पर 'नियंत्रण' के लिए 15 नवंबर से लागू होगी नई गाइडलाइन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) 2000 में संशोधन करते हुए इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बड़े बदलावों की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी नई अधिसूचना के तहत यह संशोधन 15 नवंबर 2025 से प्रभावी होगा। अधिसूचना के अनुसार आईटी रूल्स 2021 के रूल 3(1)(डी) को पूरी तरह से बदल दिया गया है। सरकार ने यह कदम देश की संप्रभुता, अखंडता, राज्य की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और शालीनता से जुड़ी ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण को ज्यादा सख्त करने के उद्देश्य से उठाया है। नई गाइडलाइंस के तहत, प्लेटफॉर्म पर गैरकानूनी कंटेंट मिलने पर इंटरमीडियरी को इसे 36 घंटे में हटाना होगा।

कपाट बंद होने से पहले खुला यमुनोत्री का 'खजाना'

## मंदिर समिति को करीब 50 लाख रुपये की आय



एजेंसी ▶▶ यमुनोत्री

उत्तरकाशी से एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। यहां धाम में मां यमुना मंदिर के कपाट आज छह माह के लिए बंद कर दिए गए। इससे पहले मां यमुना मंदिर का खजाना खोला गया। यमुनोत्री धाम में इस साल 6,45,000 श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और चढ़ावा भेंट किया। इस यात्राकाल में यमुनोत्री मंदिर समिति को करीब 50 लाख रुपए की आय हुई है। गत वर्ष की अपेक्षा श्रद्धालुओं की आवाजाही में थोड़ी कमी आई है।

### 6,45,000 श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की

यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप उनियाल सचिव सुनील उनियाल ने बताया कि इस बार पिछले साल की अपेक्षा श्रद्धालुओं में कमी के साथ ही थोड़ी बहुत आय में भी कमी आई है। इस बार मंदिर समिति को दान पात्र और रसीद बुकों से करीब 50 लाख रुपए की चढ़ावा प्राप्त हुआ। यमुनोत्री धाम के कपाट भी गुरुवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के बीच बंद कर दिए गए।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
भारतीय डाक
India Post



युवा सामर्थ्य से विकसित भारत के संकल्प को नई गति

युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए
रोजगार मेला
51,000 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को देश भर में 40 स्थानों पर आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्रों का वितरण

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के नेतृत्व में

इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी का विशेष वीडियो संदेश
24 अक्टूबर, 2025 प्रातः 11:00 बजे

भारत सरकार और सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा मिलकर रोजगार के लाखों नये अवसरों का निरंतर हो रहा सृजन
महिलाओं, दिव्यांगजनों और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को विशेष लाभ
राष्ट्र-निर्माण में युवाओं की बढ़ती सहभागिता से "नागरिक प्रथम" के संकल्प की सिद्धि
समान अवसरों के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भर्ती परीक्षाओं की सुविधा
यूपीएससी के 'प्रतिभा सेतु' पोर्टल से प्रतिभाशाली युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध
पारदर्शी एवं समयबद्ध नियुक्ति प्रक्रिया सुनिश्चित एवं पेपर लीक के खिलाफ कड़ा कानून लागू
यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और आईबीपीएस जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों के माध्यम से नियुक्तियां
i-GOT कर्मयोगी पोर्टल पर 3600+ से अधिक उच्च गुणवत्तायुक्त पाठ्यक्रमों से 1.39 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारी पा रहे प्रशिक्षण

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें
प्रशिक्षण सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी मॉड्यूल वेबसाइट https://igotkarmayogi.gov.in पर जाएं या क्यू आर कोड को स्कैन करें
CBC 06301/13/0001/2526

## चिंतन

# एक बार फिर बेनकाब हो गया पाक की झूठ

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल ही में सैन्य संघर्ष देखने को मिला था। इसके बाद पाकिस्तान ने बड़ी-बड़ी डींगें हांकते हुए ऐलान किया कि उसने टीटीपी की कमर तोड़ दी है। संघर्ष विराम से पहले ही टीटीपी की चूलें हिला दी गई थी। आपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने ऐसे ही दावे किए थे। अमेरिका के सामने युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाने वाले पाक हुक्मरान युद्ध खत्म होते ही जीत के दावे करने लगे थे। आनन-फानन में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत कर दिया गया ताकि आवाम को लगे कि पाक ने जीत दर्ज की है, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद जब भारत के हमलों के बाद हुए पाक सैन्य ठिकानों की तस्वीरें सामने आने लगी तो पाकिस्तानी नेताओं के झूठ की पोल खुल गई। ऐसा ही टीटीपी को लेकर भी हो रहा है। टीटीपी की कमर तोड़ने का दावा करने वाले पाकिस्तान के एक बड़े हिस्से पर इस आतंकी संगठन ने अपना शिकंजा कस दिया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वां प्रांत की राजधानी पेशावर में न सिर्फ टीटीपी के लोग खुलकर घूम रहे हैं बल्कि सड़कों पर चेकपोस्ट भी बना लिए हैं। पेशावर के पास से ऐसे कथित वीडियो सामने आए हैं, जिसमें टीटीपी लड़ाके सड़कों पर चौकियां बना रहे हैं। इससे पता चलता है कि इस इलाके में पाकिस्तान की सरकार और सेना का पूर्ण नियंत्रण नहीं है। पेशावर के आसपास के इलाकों में न पाकिस्तानी सेना है और न ही पुलिस। यहां टीटीपी के लड़ाके ही सब कंट्रोल कर रहे हैं। यहां पाक सरकार नकारा साबित हो चुकी है। टीटीपी तो क्या आम नागरिक भी सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उनका समर्थन भी टीटीपी के साथ नजर आ रहा है। असल में पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक इलाका पड़ता है। नाम है फेडरली एडमिनिस्ट्रेटेड ट्राइबल एरियाज़ जिससे पता चलता है यहां ट्राइबल ज्यादा रहते हैं। पश्तून कबीलों की संख्या यहां ज्यादा है। बाजौर, मोहम्मद, खैबर, ओरकज़ई, कुर्रम जैसे जिले यहां पड़ते हैं। अफगानिस्तान से यह इलाका सटा हुआ है। अब पाकिस्तान का हिस्सा है लेकिन 2018 के पहले ऐसा नहीं था। यह सेमी-ऑटोनोमस हुआ करता था। यानी पूरी तरह पाकिस्तान के कानून यहां नहीं चलते थे। कबीलाई राज था यहां। वे अपने कानूनों के मुताबिक़ फैसले लेते थे। यहीं से टीटीपी की शुरुआत हुई। यह इलाका अफगानिस्तान से सटा हुआ है। इसलिए वहां हुई किसी भी हलचल का असर यहां पड़ता है। अमेरिका के नेतृत्व में जब नाटो सेना अफगानिस्तान में घुसी तब, अफगान तालिबान, अलक़ायदा और दूसरे चरमपंथी संगठन वहां से भागे। ये सब बॉर्डर क्रॉस करके यहां घुसे थे। उस समय पाकिस्तान में परवेज मुशर्रफ की सरकार थी। अमेरिका ने मुशर्रफ पर दबाव बनाया, पैसे भी दिए तो मजबूरन मुशर्रफ को पाक सेना भेजनी पड़ी। इससे इन कबीलों में नाराज़गी हुई। वहां की जनता भी सरकार से नाराज़ हुई। चरमपंथी संगठनों ने इस नाराज़गी को हवा दी। उन्होंने आम लोगों को लड़ने के लिए उकसाया। जो उनके साथ नहीं आए, उन्हें रास्ते से हटा दिया गया। इसके बाद इन गुटों ने आपस में मिलकर पाक आर्मी के ख़िलाफ़ मिलकर लड़ना शुरू किया। अब ये संगठन इतना ताकतवर हो गया है कि पाकिस्तान आर्मी से मुकाबला करने लगा है। ये अपना कानून चला रहे हैं। कहने को तो पाक पुलिस भी वहां है, लेकिन केवल दिखावे मात्र के लिए। आदेश टीटीपी के ही चलते हैं। हालात ऐसे ही कि ये हिस्सा कभी भी पाक से अलग हो सकता है। दूसरे के लिए कुआं खोदने वाले का ऐसा ही अंजाम होता है।



**अनदेखी**
ज्ञानेन्द्र रावत

# गर्व से कहो, प्रदूषण के बादशाह हैं हम

> राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ। जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई।

अभी दो दिन ही बीते हैं दिवाली को कि दुनिया में हमारे देश की राजधानी दिल्ली ने प्रदूषण के मामले में कीर्तिमान बनाकर यह साबित कर दिया है कि भले हमारी सर्वोच्च अदालत कुछ भी कहे, वह लाख निर्देश दे लेकिन हम नहीं सुधरेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फिर फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ।

जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। उसी का नतीजा रहा कि इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई। यह हालात अकेले देश की राजधानी दिल्ली के ही नहीं रहे, कमोबेश पूरा देश इसका शिकार हुआ है। दुख तो इस बात का है कि जब वायु गुणवत्ता सूचकांक की बात की जाती है तो इस पर खेद व्यक्त करने की जगह हमारे देश के भावी कर्णधार कहें या पुरोधा गर्व से यह कहते हैं कि- 'पटाखे तो ऐसे ही चलेंगे। पटाखे चलाने से कुत्ते डर जाते हैं। ऐसे लोगों के पेट में दर्द होता है। वायु प्रदूषण पर कुत्ते तो भौंकते ही रहते हैं, ऐसे लोगों को आगे देखेंगे, उनको सबक सिखाना पड़ेगा। ये कुत्ते तब नहीं बोलते, जब ईद पर लाखों बकरे कुरबानी के नाम पर मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। तब प्रकृति प्रेमी नहीं बोलते। जज साहब ने आज तक ज्ञान नहीं दिया कि कितने बकरे काटे जाने चाहिए। बकरों का काटा जाना और दावतें उड़ाना इनके लिए आनंद का विषय है। इन्हें दीपावली पर वायु प्रदूषण और होली पर जल प्रदूषण दिखाई देता है।' दरअसल यहां इस प्रकरण का हवाला देने का एकमात्र मकसद यह था कि ऐसा अलवर में एक प्रकृति प्रेमी द्वारा वायु गुणवत्ता सूचकांक के सीमा से अधिक बढ़ने पर खेद जताने पर उसे देश के पुरोधाओं द्वारा सोशल मीडिया पर ऐसी सम्मानजनक टिप्पणी और देख लेने की धमकियां तक दी गई। कहने का आशय मात्र यह है कि वायु प्रदूषण पर दुख व्यक्त करने पर लोगों की इस तरह की सोच है, उस हालत में वायु प्रदूषण से मुक्ति की आशा कैसे संभव है। ऐसे लोगों को न जनता के स्वास्थ्य की चिंता है,न पर्यावरण की और न देश की सुप्रीम कोर्ट की। ऐसे लोगों से देशहित की आशा करना ही बेमानी है। दरअसल ग्रीन पटाखों से वायु प्रदूषण कम करने का दावा तो फुस्स हो ही चुका है क्योंकि यदि ग्रीन पटाखे चले होते तो प्रदूषण 50 फीसदी तक कम होता लेकिन हुआ उसके बिल्कुल उलट। स्थिति यह रही कि प्रतिबंधित पटाखे न केवल खूब बिके बल्कि खुलेआम चले भी और जिस पुलिस पर इनके रोकथाम की जिम्मेवारी थी, वह ऐसा होते देखती रही या यूं कहें कि उसने कमाई के चक्कर में अपनी आंखें मूंद लीं। नतीजतन पटाखे 40 फीसदी ज्यादा बिके और दिल्लीवासी जहरीली हवा में सांस लेने को विवश हुए। हालात गवाह हैं कि दिल्ली में इस बार पिछले सालो के मुकाबले प्रदूषण सबसे ज्यादा रहा। सीएसआईआर भी इसकी पुष्टि करता है। यह पटाखों की



गुणवत्ता तय मानक के अनुरूप रहे, इस पर अंकुश पर निर्भर करता है। ऐसी स्थिति में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अमिताभ कांत का आशावाद बिल्कुल बेमानी है कि जब लास ऐंजिलिस,बीजिंग और लंदन प्रदूषण कम कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं। उनका यह कहना कि दिल्ली की हवा बेहद खराब है। 38 में से 36 निगरानी केन्द्र रेड जोन में हैं और दिल्ली के प्रमुख इलाकों में एक्यूआई 400 के पार है। सुप्रीम कोर्ट ने समझदारी दिखाते हुए पटाखे जलाने के अधिकार को जीने और सांस लेने के अधिकार से ऊपर रखा है। इससे बचने के लिए और लगातार इस दिशा में काम करने और सख्ती से पहल करने की जरूरत है। इसके लिए एकीकृत कार्य योजना बेहद जरूरी है। उनकी राय है कि फसल और बायोमास जलाना बंद करना चाहिए। थर्मल पावर प्लांट और ईंट भट्टों को बंद करना चाहिए या फिर उनको क्लीन टेक से माडर्न बनाना चाहिए। 2030 तक सभी ट्रांसपोर्ट को इलेक्ट्रिक में बदलना,कंस्ट्रक्शन की धूल पर सख्ती बरतना,कचरे को पूरी तरह अलग करना और प्रोसेसिंग को जरूरी बनाना होगा। दिल्ली को ग्रीन, पैदल चलने लायक बनाना होगा। ट्रांजिट पर फोकस करने के हिसाब से कार्ययोजना बनाकर फिर से डिजाइन करनी होगी। तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। सीपीसीबी की मानें तो देश के 200 से ज्यादा शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा है। इनमें नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ जैसे शहर सर्वाधिक प्रभावित रहे। प्रदूषण बढ़ने से अस्पतालों में आंखों में जलन, गले में खराश,गले में दर्द की समस्या,सांस लेने में परेशानी,ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों का तांता लगा रहा। हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा है। पीएम 10 व पीएम 2.5 के कण फेफड़े में प्रवेश करने से सूजन बढ़ने के मरीज बढ़े। पीएम 2.5 बढ़ने से धमनियों में ब्लाकेज का खतरा बढ़ जाता है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने तथा सांस लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रदूषण से 8 से 18 फीसदी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है और कभी-कभार जानलेवा भी साबित हो जाता है। यह सब ग्रीन पटाखों की अनदेखी का परिणाम है। जबकि ग्रीन पटाखों से पीएम कण 30 फीसदी व हानिकारक गैसें दस फीसदी कम उत्सर्जित होती हैं। ऐसी स्थिति में घर के बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, पुराने रोगी और बच्चे घर में ही रहें। पर्याप्त पानी पियें। खानपान में कोल्डड्रिंक, ठंडी,खट्टी चीजों का परहेज करें। आवश्यक हो तो मास्क पहनकर बाहर जायें। गले में खराश होने पर गरारे करें और नाक जाम होने पर सुबह शाम भाप लें। पौष्टिक आहार लें व आंवले का सेवन करें। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। आने वाले समय में पराली हमारे जीवन की प्रत्याशा पर ग्रहण लगाने वाली है। इसीलिए यह याद रखें कि सतर्कता ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी और बचाव की प्रमुख विधि है। इसमें दो राय नहीं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**आधी आबादी**
डॉ. मोनिका शर्मा



# जापान की पहली महिला पीएम सकारात्मक बदलाव की आशा

दुनियाभर में चल रही राजनीतिक उठापटक के बीच पहली बार जापान की सत्ता की कमान एक महिला प्रधानमंत्री को मिली है। ध्यातव्य है कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख 64 वर्षीय साने ताकाइची जापान की प्रधानमंत्री के रूप में शिगेरु इशिबा की जगह लेने जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर चल रही गठबंधन की राजनीति के इस दौर में एक नए सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी के साथ गठबंधन के बाद जापान में कुछ समय से चल रहा राजनीतिक संकट समाप्त हुआ है। माना जा रहा है कि यह सत्तारूढ़ गठबंधन दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर झुकाव रखने वाला होगा। हालांकि जापान के लिए उनका सत्तासीन होना एक ऐतिहासिक घटना है। जापान को 104वीं प्रधानमंत्री के रूप में इतिहास में पहली बार एक महिला प्रधानमंत्री मिली हैं। असल में लंबे समय जापान के सियासी पटल पर सक्रिय रहीं साने ताकाइची आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता जैसे क्षेत्रों में कार्य कर चुकी हैं। वे जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। हालिया चुनावों में उनकी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने और गठबंधन टूटने के कारण वहां नई सरकार को लेकर एक अनिश्चितता बन गई थी। ऐसे में ताकाइची ने मजबूत नेतृत्व और शासकीय स्थिरता का भरोसा देते हुए प्रधानमंत्री का पद हासिल किया है। ज्ञात हो कि चार महीने पहले लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की करारी हार के बाद से ही वहां राजनीतिक शून्यता और उलझाऊ स्थितियां बनी हुई थीं। निस्संदेह, एक महिला प्रधानमंत्री के रूप में वे जापान को नई दिशा देने का प्रयास करेंगी। देश के एक आम परिवार से आने वाली ताकाइची के परिवार की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। जापान के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शिष्या रहीं ताकाइची 10 बार सांसद चुनी गईं हैं। यही वजह है कि साने ताकाइची ने आर्थिक मोर्चे पर पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की एबेनोमिक्स नीति को बल देने की बात भी कही है। इस नीति के अंतर्गत वे कर-कटौती और सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर विकास को गति देने वाला दृष्टिकोण रखती हैं। जापान जैसे विकसित देश में एक महिला का प्रधानमंत्री पद पर पहुंचना ऐसे कई मोर्चों पर बदलाव लाने वाला माना जा रहा है। ज्ञात हो कि ताकाइची राजनीतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मसलों पर स्पष्ट और मजबूत राय रखती आई हैं। विशेषकर जापान की सुरक्षा-नीति को सशक्त बनाने की हिमायती रही हैं। उनके विचारों को आमजन का समर्थन भी मिलता रहा है। जापान में ताकाइची को आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है।

जापान की राजधानी टोक्यो की सड़कों पर उतरे नागरिकों ने ताकाइची प्रधानमंत्री बनने का स्वागत किया। वहां की स्त्रियों ने इसे नए युग की शुरुआत बताया है। जापान के राजनीतिक परिदृश्य में ताकाइची की पहचान एक दक्षिणपंथी नेता के रूप में बनी हुई है। वे राजनीतिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर ही नहीं सामाजिक-पारिवारिक विषयों पर भी पारंपरिक विचार रखती है। समान-लिंग विवाह और विवाहित दंपतियों के अलग-अलग उपनाम रखने जैसे मुद्दों का विरोध करती हैं। आप्रवासन पर कड़ा रुख रखने वाली ताकाइची ने यह भी कहा है कि नियम तोड़ने वाले आगंतुकों और अप्रवासियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विचारणीय है कि जापान में हुए सत्ता परिवर्तन से भारत पर भी असर पड़ेगा। भारत और जापान लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी, सशक्त आर्थिक सहयोग और सामाजिक-सांस्कृतिक विनिमय के धरातल पर जुड़े हुए हैं। जापान की कई बड़ी कम्पनियों की उत्पादन इकाइयां भारत में स्थापित हैं। दोनों देशों के बीच पुख्ता आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक संबंध हैं।

इतना ही नहीं, दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग का भी मजबूत गठजोड़ है। बौद्ध धर्म के माध्यम से देखा जाए तो भारत और जापान के सभ्यतागत संबंध बरसों पुराने हैं। आपसी सामंजस्य और जुड़ाव के ये सभी पक्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की सत्ता संभालने वाली महिला प्रधानमंत्री साने ताकाइची को बधाई देते हुए दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी जापान यात्रा के दौरान टोक्यो में 15वें भारत-जापान आर्थिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा भी था कि 'भारत की विकास यात्रा में जापान एक अहम भागीदार है।' ऐसे में साने ताकाइची का सत्ता संभालना भारत और जापान केलिए बहुत से मोर्चों पर मजबूत साझेदारी का मार्ग प्रशस्त करेगा। तकनीक, व्यवसाय, सुरक्षा और संस्कृति हर स्तर पर यह जुड़ाव और बेहतर होने की आशा है।

( लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ज्ञान के सच्चे अधिकारी जनक



संकलित
**दर्शन**

याज्ञवल्क्य ब्रह्मज्ञानी थे। उनके ज्ञान की चर्चा दूर-दूर तक फैली हुई थी। बड़े-बड़े राजा और संत-महात्मा उपदेश ग्रहण करने के लिए उनके पास आया करते थे। वे बिना किसी भेदभाव के सबको उपदेश देते थे। महाराज जनक भी उनका उपदेश सुनने के लिए उनके आश्रम में आते थे। जनक के प्रति याज्ञवल्क्य के अधिक झुकाव को देखकर ऋषियों-मुनियों के मन में विकार पैदा हो गया। वे मन-ही-मन सोचने लगे, 'याज्ञवल्क्य महान ज्ञानी हैं। वेदों-उपनिषदों पर उपदेश देते हैं, फिर भी छोटे-बड़े का भेद करते हैं। जब तक जनक नहीं आ जाते, वे उपदेश आरंभ नहीं करते। वे जनक का आदर भी हम सबसे अधिक करते हैं। याज्ञवल्क्य को जब ऋषि-मुनियों के मन की बात मालूम हुई, तो उन्होंने उनके भ्रम को दूर करने का निश्चय किया। उस भ्रम को दूर करने के लिए उन्होंने अपनी योग शक्ति से एक नाटक रचा। उपदेश सभा में ऋषि-मुनि बैठे थे। जनक भी अपने आसन पर विराजमान थे। सहसा कुछ लोग दौड़ते हुए आए और ऋषियों-मुनियों को पुकारकर बोले, 'ऋषियों-मुनियों, तुम्हारी कुटियों में आग लगी हुई है। तुम्हारा सारा सामान आग में जल रहा है। आग लगने की खबर सुनते ही समस्त ऋषि-मुनि उपदेश सुनना छोड़कर भाग खड़े हुए। वे सब दौड़कर अपनी कुटियों में गए, लेकिन वहां कुछ नहीं था, क्योंकि वह तो याज्ञवल्क्य की योग-शक्ति का नाटक था। ऋषि-मुनि पुनः उपदेश सभा में आकर बैठे और उपदेश सुनने लगे। उधर जनक के राजभवन से भी दौड़ता हुआ एक दूत पहुंचा और उसने जनक को पुकारकर कहा, महाराज, राजभवन में आग लगी हुई है। पर जनक अविचलित भाव से उपदेश सुनते रहे।

## हर मुद्रा एक अलग भाव



संकलित
**प्रेरणा**

यदि आत्मा तक पहुंचना है, सूक्ष्म तत्व तक पहुंचना है, अस्तित्व तक पहुंचना है, तो इसी यात्रा पथ पर चलना होगा। इसी क्रम से चलना होगा। आप यह मान लें कि उस परम सत्ता को, परम अस्तित्व को, चैतन्य को, जो अमूर्त है, सूक्ष्म है, हमारे चर्म-चक्षुओं का विषय नहीं है, उसे हम देख लें- यह कहना और ऐसा समझना बहुत बड़ी भ्रांति होगी। इसका पहला अर्थ है- मन के द्वारा श्वास के स्पंदनों को देखें। इसका दूसरा अर्थ है-मन के द्वारा शरीर के प्रकंपनों को, संवेदनों को देखें। इसका तीसरा अर्थ है- विचारों को देखें। इस स्थिति तक पहुंच जाने पर आभामंडल स्पष्ट हो जाता है। अंतर्मन की इस यात्रा से हम सब प्रकार की आसक्ति से मुक्त हो जाते हैं। जब हम आसक्ति से मुक्त होते हैं, तब जीवन सुखमय होता है। श्वास का स्पर्श किए बिना, श्वास को देखे बिना शरीर को ठीक तरह से समझ नहीं सकते, देख नहीं सकते। शरीर को देखे बिना मन को नहीं देख सकते। मन को देखे बिना आभामंडल को नहीं देख सकते। आभामंडल को देखे बिना प्राण को नहीं देख सकते और प्राण को देखे बिना उस चैतन्य तक नहीं पहुंच सकते, जहां हमें पहुंचना है। यह पूरा-का-पूरा यात्रा पथ है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सड़कों पर गिर रहे वाहन चालक**

रायपुर से पुराना धमतरी के लिए नई सड़क का निर्माण किया गया है। कुछ साल में ही सड़क खराब हो गई है। सड़क का डामर पिछलकर कहीं अप, कही डाउन हो गया। ऐसे में सेजबहार से लेकर बोरिया तक वाहन चलाने वालों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। दुपहिया सवार आए दिन हादसे के शिकार हो रहे हैं। सड़क और विभाग सड़क बनाकर भूल गया। इस रोड पर कई शिक्षण संस्थान भी है। ऐसे में रहवासियों के अलावा छात्र-छात्राओं का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

*- शाहीन बेगम, रायपुर*

## करंट अफेयर

### मौजूदा समय में शांति अभियान जटिलताओं का सामना कर रहे



एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बृहस्पतिवार को कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से बहुआयामी और सीमाहीन होते जा रहे हैं और आजकल संघर्षों में संयुक्त रूप से देशों की सेनाएं, मिलिशिया और आतंकवादी समूह शामिल होते हैं, जिससे शांति अभियान अभूतपूर्व स्तर पर जटिल हो जाते हैं। नयी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि इस बात पर मंथन करने की जरूरत है कि शांति स्थापना और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को आधुनिक वास्तविकताओं के अनुरूप कैसे ढाला जाए। उन्होंने कहा, हम वैश्विक भू-राजनीति में एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की व्यवस्था, जो सामूहिक उत्तरदायित्व, साझा मानदंडों और मानवीय मूल्यों पर आधारित थी, अब अत्यधिक दबाव में है। सीआईएससी ने रेखांकित किया कि दुनिया का लगभग एक-चौथाई हिस्सा संघर्ष प्रभावित है और आज दुनिया भर में 61 संघर्ष चल रहे हैं, जो 1946 के बाद से सबसे अधिक संख्या है। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र और अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति के सहयोग से 23 और 24 अक्टूबर को 'संघर्षरत विश्व में शांति स्थापना और मानवीय अनिवार्यता को आगे बढ़ाना' विषय पर 'यूएसआई संयुक्त राष्ट्र वार्षिक फोरम' का आयोजन किया जा रहा है।

## ऑफ बीट

### भारतीय कंपनियों का राजस्व तिमाही में मामूली बढ़ा



भारतीय कंपनियों का राजस्व जुलाई-सितंबर तिमाही में छह प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह बात कही गई। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर की अवधि के दौरान परिचालन लाभ मुनाफे में सालाना आधार पर 0.60 प्रतिशत तक की कमी आई है। एजेंसी ने कहा, बिजली, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी सेवा और इस्पात क्षेत्रों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जुलाई-सितंबर तिमाही में कॉरपोरेट राजस्व में सालाना आधार पर मामूली पांच से छह प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के लिए एजेंसी ने 600 कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण किया और कहा कि धीमी वृद्धि दर्ज करने वाली इन क्षेत्रों की कंपनियों का कुल राजस्व में एक-तिहाई योगदान है। इसमें कहा गया कि क्रमिक रूप से जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान राजस्व वृद्धि पूर्ववर्ती अप्रैल-जून तिमाही की तुलना में एक प्रतिशत अधिक होगी। लाभप्रदता के दृष्टिकोण से इसमें कहा गया कि मोटर वाहन, औषधि और एल्युमीनियम क्षेत्रों में कंपनियों को बढ़ी हुई लागत का पूरा भार ग्राहकों पर डालने में कठिनाई हुई तथा परिचालन लाभ मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 0.50-1 प्रतिशत कम होने का अनुमान है।

## ट्रेंड

### आवासीय परिसर



गांधीनगर में विधायकों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इस आवासीय परिसर में गुजरात विधानसभा के सदस्य एक ही परिसर में रह सकेंगे, जिससे जनप्रतिनिधियों और लोगों के बीच संवाद और भी सुगम होगा।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### अमृत रेलवे स्टेशन



10 वर्षों में रेलवे में एनडीए सरकार ने दस गुना ज्यादा बजट दिया है। 20 वंदे भारत ट्रेन और 26 अमृत भारत ट्रेन बिहार से गुजरती हैं। 98 नए अमृत रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट की तरह चमचमा रहे हैं।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### तैयारियों का जायजा



छठ महापर्व के पूर्व झुमरी छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो, इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### चिटनिस के निधन से दुःख



दूरदर्शी वैज्ञानिक और संस्थान निर्माता प्रो. ई.वी. चिटनिस के निधन से अत्यंत दुःख हुआ, जिन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान ने वैज्ञानिक नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप



### कबड्डी : दो स्वर्ण से भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर

**रिफा (बहरीन)।** भारत ने एशियाई युवा खेलों में यादगार दिन का समापन कबड्डी में दो स्वर्ण पदकों के साथ किया। लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों में चैंपियन बनकर भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। भारत के कुल पदकों की संख्या दो स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य हो गई। चीन छह स्वर्ण, 10 रजत और एक कांस्य से तालिका में शीर्ष पर बना रहा। उसके बाद थाईलैंड (6-2-2), उज्बेकिस्तान (6-1-2) और ईरान (3-4-6) का स्थान रहा। भारत की लड़कियों की कबड्डी टीम ने ईरान को 75-21 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। लड़कों का फाइनल मुकाबला काफी करीबी रहा। पर भारत ने ईरान को 5-32 से हरा दिया। एथलेटिक्स में भारत ने अपने खाते में दो रजत और एक कांस्य पदक जोड़ा।रंजना यादव ने लड़कियों की 5000 मीटर पैदल चाल में 23 मिनट 25.88 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

### तीसरा मैच बारिश में धुलने के कारण इंग्लैंड ने टी20 श्रृंखला जीती

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के खिलाफ ईडन पार्क पर तीसरा मैच सिर्फ 3.4 ओवर के बाद बारिश में धुलने से इंग्लैंड ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 1. 0 से जीत ली। क्राइस्टचर्च में हेगली ओवल में पहला मैच भी बारिश में धुल गया था। इंग्लैंड ने दूसरा मैच इसी स्थान पर 65 रन से जीता था। बारिश के कारण तीन गेंद के बाद ही खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। खेल जब 80 मिनट बाद शुरू हुआ तो 14 ओवर प्रति टीम कर दिया गया।

### इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण

**नई दिल्ली।** सिमरन शेरगिल, शमशीर अली, सवाई पद्मनाभ सिंह और सिद्धांत शर्मा इंटरनेशनल पोलो कप में भारत की चुनौती पेश करेंगे जिसकी ट्रॉफी का अनावरण बृहस्पतिवार को हुआ। भारतीय पोलो संघ और कोग्नीवेरा आई टी ने इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण किया। इसमें भारत और अर्जेंटीना शीर्ष खिताब के लिये 25 अक्टूबर को मुकाबला करेंगे। अर्जेंटीना टीम में जुआन आगस्टिन गार्सिया ग्रोस्सी, सल्वाडोर जुरेशे , मटियास बतिस्ता और निकोलस जोर्ज कोर्टी मॉडरना शामिल हैं।

### दक्षिण अफ्रीका ने पाक को दूसरे टेस्ट में हराया

**रावलपिंडी।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराते हुए 2 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। रावलपिंडी टेस्ट में जीत के लिए मिले 68 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज टीम ने 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। पाकिस्तान की दूसरी पारी सिर्फ 138 रन पर समाप्त हो गई थी। पाकिस्तान की पहली पारी में अब्दुल्ला ने 146 गेंदों का सामना करते हुए 57 रन बनाए। मसूद ने 176 गेंदों का सामना किया और 87 रन बनाए। उनके बल्ले से 2 चौके और 3 छक्के निकले। ये उनके टेस्ट करियर का 13वां अर्धशतक रहा। शकील ने 147 गेंदों का सामना किया और 66 रन बनाए।

सीरीज में 2-0 से बनाई अजेय बढ़त

# कोहली फिर जीरो पर आउट, नहीं चला गिल का बल्ला, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा वनडे भी जीता

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को 2 विकेट से हराते हुए सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। एडिलेड में हुए मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के बाद 264/9 का स्कोर बनाया। जवाब में मेजबान टीम ने मैथ्यू शॉर्ट (74) और कूपर कोनॉली (61*) की पारियों की मदद से 47वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

### इस तरह से जीती ऑस्ट्रेलियाई टीम

टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत से शुभमन गिल (9) और विराट कोहली (0) जल्दी आउट हुए। इसके बाद रोहित शर्मा (73) और श्रेयस अय्यर (61) ने पारी को संभाला। वहीं, अक्षर पटेल ने 44 रन का योगदान दिया और मेहमान टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में मिचेल मार्श (11) और ट्रेविस हेड (28) के विकेटों के पतन के बाद शॉर्ट ने अर्धशतक लगाया। इसके बाद कूपर कोनॉली (61*) और मिचेल ओवेन (36) ने जीत दिलाई।



### लगातार दूसरे वनडे में शून्य पर आउट हुए कोहली

कोहली दूसरे वनडे में भी अपना खाता नहीं खोल सके। वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोहली लगातार 2 वनडे मुकाबले में खाता खोले बिना आउट हुए हैं। उन्हें जेवियर बार्टलेट ने आउट किया। कोहली ने 4 गेंदों का सामना किया और एलबीडब्ल्यू आउट हुए। कोहली पहले वनडे में भी कुछ खास नहीं कर पाए थे। उन्होंने 8 गेंदों का सामना किया था और खाता खोले बिना मिचेल स्टार्क की गेंद पर आउट हो गए थे।

### श्रेयस का 23वां अर्धशतक

श्रेयस ने 77 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 79.22 की रही।उन्हें एडम जैम्पा ने आउट किया। भारत के उपकप्तान ने रोहित के साथ मिलकर 136 गेंदों में 118 रन की साझेदारी निभाई। इसके अलावा उन्होंने अक्षर पटेल के साथ 19 गेंदों में 25 रन जोड़े। पहले वनडे में श्रेयस सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हो गए थे।

### ऐसी रही शॉर्ट की पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने जब 30 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब शॉर्ट क्रीज पर आए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 78 गेंदों में 74 रन की उपयोगी पारी खेलकर हर्षित राणा की गेंद पर पवेलियन लौट गए। अपनी इस अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए।

### कूपर ने लगाया अपना पहला अर्धशतक

जब ऑस्ट्रेलिया ने 132 रन के स्कोर पर अपना चौथा विकेट खोया, तब कोनॉली क्रीज पर उतरे थे। 22 वर्षीय इस युवा ऑलराउंडर ने बल्लेबाजी में प्रभावित किया। उन्होंने एक छोर से निरंतर रन बटोरते हुए 42 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके युवा वनडे करियर का पहला अर्धशतक साबित हुआ। उन्होंने ओवन के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 59 रन की उपयोगी साझेदारी भी की।

### रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे किए

रोहित ने 97 गेंदों में 73 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे करने वाले बल्लेबाजों की सूची में रोहित दुनिया के 5वें बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले यह कारनामा वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज विवियन रिचर्ड्स और डेसमंड हेन्स के अलावा श्रीलंका क्रिकेट टीम के कुमार संगाकारा और महेला जयवर्धने ने किया था।

### ये रिकॉर्ड्स भी किए रोहित ने अपने नाम

रोहित ने एशिया के पहले बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने सीना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में वनडे क्रिकेट में 150 छक्के पूरे किए हैं। रोहित ने वनडे में 10वीं बार ऑस्ट्रेलिया की धरती पर 50+ का स्कोर बनाया है। कोहली और सचिन तेंदुलकर ने 11-11 बार ये कारनामा किया है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 48 मुकाबले खेले हैं और 56.54 की औसत से 2,488 रन बनाने में सफल रहे हैं।

बैडमिंटन

## लक्ष्य, दीक्षा, जगशेर बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 में चमके



एजेंसी ▶▶| चेंगडू

लक्ष्य राजेश और दीक्षा सुधाकर ने बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 चैम्पियनशिप के दूसरे दिन लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि जगशेर सिंह लड़कों के वर्ग में अंतिम 16 में पहुंच गए । अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में लक्ष्य ने चीनी ताइपै के कुआन यि लिन को 21-17, 21-11 से हराया जबकि दीक्षा ने चीन की लुओ या रू को 17-21, 21-16, 21-11 से मात दी। लड़कों के वर्ग में जगशेर ने चीन के झांग यू फेंग को 21-14, 21-17 से मात दी।

### लड़कियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

लड़कियों के युगल वर्ग में दीपक राज अदिति और पी वृद्धि ने मलेशिया की सुइ मेइ तियोह और जि किंग वान को 22.20, 21.12 से हराया जबकि अंडर 15 मिश्रित युगल में हेमंत श्री एस और शरायु रंजाने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के एंग यू जि और लू किट रेइ चारा को 21.9, 21.11 से मात दी।

## नीशू, पुलकित और सृष्टि अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारीं



**नोवी साद (सर्बिया)।** भारत की तीन महिला पहलवान नीशू, पुलकित और सृष्टि बृहस्पतिवार को यहां अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में हार गईं जिससे अब वे कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। नीशू (55 किग्रा) ने जापान की मो कियूका को 6-2 से हराने के बाद किरा सोलोबचुक पर 10-1 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन तुर्किये की तुबा देमिर ने अंतिम चार में उन्हें 6-4 से हरा दिया। पुलकित (65 किग्रा) ने दोनों जीत तकनीकी श्रेष्ठता से हासिल कीं। उन्होंने कनाडा की मारिया सावियाक (10-0) और तुर्किये की बेयजा अक्कस (18-8) को हराया लेकिन सेमीफाइनल में एलिजावेटा पेटिलियाकोवा से 6-9 से पराजित हो गईं। सृष्टि ने 68 किग्रा वर्ग में कनाडाई पहलवान एंजेलिना एलिस टोडिंगटन को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) के आधार पर हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की मनोला स्कोबेल्स्का पर 6-3 से आसान जीत दर्ज की। पर एलिना शेवचेंको ने सृष्टि पर 10-6 से जीत हासिल की। वहीं नेहा शर्मा ने 57 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। वह रोमानिया की जॉर्जियाना लिर्का (6-0) और कजाकिस्तान की निलुफर रैमोवा (5-0) को हराने के बाद जापान की अकारी फुजिनामा से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं।

## डब्ल्यूएफआई ने पहलवान संजीव को निलंबित किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने पहलवान संजीव को उनके निवास और पहचान संबंधित दस्तावेजों में विसंगतियां पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया। महासंघ ने बृहस्पतिवार को उन्हें इस संबंध में एक नोटिस जारी किया। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि उसे संजीव से ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिनमें दिल्ली और हरियाणा में उनके जन्म स्थान और निवास के स्थान की जानकारी विरोधाभासी है। नोटिस के अनुसार पहलवान का जन्म प्रमाण पत्र दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) रोहिणी क्षेत्र द्वारा अगस्त 2022 में जारी किया गया था जो उनकी दर्ज जन्मतिथि 20 नवंबर 2000 के 22 साल बाद का है। कुछ ही हफ्तों के अंदर राज्य सरकार द्वारा सितंबर 2022 में उन्हें हरियाणा का निवासी प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके बाद दिल्ली स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने जून 2023 में संजीव को पासपोर्ट जारी किया जिसमें उनका जन्म स्थान और पता दिल्ली बताया गया था जबकि हरियाणा के नागरिक संसाधन सूचना विभाग (सीआरआईडी) के रिकॉर्ड में उन्हें हरियाणा के जींद का निवासी बताया गया था। इन विसंगतियों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएफआई ने कहा कि वह पहलवान के वास्तविक निवास की पुष्टि नहीं कर पा रहा है और उसने एमसीडी, हरियाणा सरकार और क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय सहित संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

## लिवरपूल ने फ्रेंकफर्ट को हराया, चेल्सी और बायर्न भी जीते

### लिवरपूल ने 5-1 से जीत दर्ज कर की प्रतियोगिता में वापसी



**मिलान।** लिवरपूल ने बुधवार को यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर प्रतियोगिता में वापसी की। चेल्सी और बायर्न म्यूनिख ने भी आसान जीत दर्ज की जबकि रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने यूवेंटस को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र का अपना परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। लिवरपूल ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ दिया। मैड्रिड और बायर्न सहित पांच क्लब अधिकतम नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं। रासमस क्रिस्टेनसन ने 26वें मिनट में फ्रेंकफर्ट को बढ़त दिलाई लेकिन नौ मिनट बाद फ्रेंकफर्ट के पूर्व खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने लिवरपूल को बराबरी दिला दी। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक और इब्राहिमा कोनात के इसके बाद पांच मिनट के भीतर दो गोल दागकर अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-1 से आगे कर दिया। कोडी गैप्को और डोमीनिक सोबोसलाई ने दूसरे हाफ में गोल दागकर लिवरपूल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। दूसरी तरफ रीयाल मैड्रिड ने 57वें मिनट में ज्यूड बेलिंघम के चैंपियन्स लीग में पहले गोल की बदौलत लगातार तीसरी जीत दर्ज की। चेल्सी ने अजैक्स को 5-1 से हराया।

आईसीसी महिला वनडे विश्व कप

मंधाना मैन ऑफ द मैच

# मंधाना-रावल के शतक, न्यूजीलैंड को 53 रन से हराकर भारत सेमीफाइनल में

**नवी मुंबई (भाषा)।** भारतीय टीम स्मृति मंधाना (109 रन) और प्रतिका रावल (122 रन) की शतकीय पारियों के बाद अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां बारिश से प्रभावित आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 53 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चौथी टीम बन गई। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। पिछले तीन मैच में हार के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को अंतिम चार में पहुंचने के लिए डीवाई पाटिल स्टेडियम में जीत की दरकार थी। और इसमें मदद की मंधाना (109 रन) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रावल (122 रन) के शतक तथा दोनों के बीच बनी पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 212 रन की साझेदारी ने। साथ ही जेमिमा रोड्रिग्स की 76 रन की तेज तर्रार नाबाद पारी से भारत ने 49 ओवर में तीन विकेट पर 340 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पर बारिश से प्रभावित इस मैच में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 44 ओवर में 325 रन का लक्ष्य मिला। लेकिन ब्रुक हालिडे (81 रन) और इसाबेल गेज (नाबाद 65 रन) के अर्धशतकों के बावजूद टीम 44 ओवर में आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी।



**भारत- 340/3**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रावल का सब बो एमेलिया केर | 122 |
| स्मृति मंधाना का सब बो बेट्स | 109 |
| जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद | 76 |
| कौर का कार्सन बो मेयर | 10 |
| रिचा घोष नाबाद | 04 |

अतिरिक्त : 19
कुल : 49 ओवर में तीन विकेट पर 340 रन
विकेट पतन : 1-212, 2-288, 3-336
गेंदबाजी : रोजमैरी मेयर 8-1-52-1, जेस केर 8-1-51-0, सोफी डिवाइन 6-0-34-0, ईडन कार्सन 6-0-46-0, लिया ताहुहू 4-0-37-0, एमेलिया केर 10-0-69-1, सूजी बेट्स 7-0-40-1

**न्यूजीलैंड-271/8**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सूजी बेट्स का प्रतिका बो गौड़ | 01 |
| जॉर्जिया प्लिमर बो रेणुका | 30 |
| एमेलिया केर का मंधाना बो राणा | 45 |
| सोफी डिवाइन बो रेणुका | 06 |
| ब्रुक हालिडे का राणा बो श्री चरणी | 81 |
| मैडी ग्रीन का गौड़ बो प्रतिका | 18 |
| इसाबेला गेज नाबाद | 65 |
| जेस केर का मंधाना बो गौड़ | 18 |
| रोजमैरी मेयर का मंधाना बो दीप्ति | 01 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 44 ओवर में आठ विकेट पर 271 रन
विकेट पतन : 1-1, 2-51, 3-59, 4-115, 5-154, 6-226, 7-266, 8-271
गेंदबाजी : रेणुका सिंह 6-0-25-2, क्रांति गौड़ 9-0-48-2, स्नेह राणा 8-0-60-1, श्री चरणी 9-0-58-1, दीप्ति शर्मा 8-0-57-1, प्रतिका रावल 4-0-19-1


### अफ्रीका के साइमन ने प्रथम श्रेणी में 1,000 विकेट पूरे किए

**रावलपिंडी।** दक्षिण अफ्रीका टीम ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराते हुए सीरीज को 1-1 से बराबरी पर समाप्त किया। साइमन हार्मर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाक की दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 1,000 विकेट भी पूरे किए। हार्मर अब चार्ली लेवेलिन (1013), माइक प्रॉक्टर (1417) और एलन डोनाल्ड (1216) के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल चौथे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर बन गए। 36 वर्षीय हार्मर ने अब केवल 234 प्रथम श्रेणी मैचों में 26.34 की औसत से 1,000 विकेट हासिल कर लिए हैं। उन्होंने 58 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए हैं। वह 14 टेस्ट में कुल 10 या अधिक विकेट ले चुके हैं।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 301 दिनांक 15.10.25 धारा 127 (6) BNS थाना कलानौर जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - सीताराम
पिता/पति का नाम पुत्र हरिचन्द
पता निवासी गांव निगाना जिला रोहतक
उम्र- 50 वर्ष
कद- 5 फुट 3 इंच ।
हुलिया- रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर
पहनावा नीले रंग की शर्ट, हल्के फिरोजी रंग की निक्कर, पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 15.10.25 को सीताराम पुत्र हरिचन्द निवासी गांव निगाना जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 8168719184

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 466 दिनांक 18.10.25 धारा 127 (6) BNS थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - सुरेन्द्र
पिता/पति का नाम -
पता- निवासी अमृत कालोनी रोहतक
उम्र- 60 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया- रंग साफ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - क्रीम रंग की शर्ट, काले रंग की पैंट व पैरों में चमडे की चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 18.10.25 को सुरेन्द्र निवासी अमृत कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9996780975

पीआरडीएच-1084/11/4034/2026/39648/88/6 दि. 23.10.2025

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना
{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1329 दिनांक: -14/10/2025

संदर्भः

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (37) कम्पनियों का नाम हरियाणा राज्य से हटाने के मामले में:

| S. No | Work Item | CIN | Company Name in Hindi |
|---|---|---|---|
| 1 | AB7848131 | U86909HR2023PTC116969 | गिल्को ग्लोबल ड्रेगों प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB7925039 | U74999HR2019PTC083219 | टैक्सफिनमैन सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AB7428763 | U15549HR2018PTC074059 | लाओत्जू फूड प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB6521019 | U74999HR2017PTC069135 | कोशिएंट वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB7909999 | U14109HR2025PTC134824 | सार्थक क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB7114318 | U47912HR2025OPC129240 | वोल्टिक्स इलेक्ट्रोपल्स इनोवेशन्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB7720654 | U62013HR2024PTC124864 | प्रज्ञानप्रो इनोवेशन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AB6543134 | U70200HR2024PTC124023 | ऑम्निसपोर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AB6529932 | U85500HR2024PTC123864 | अकाल इमिग्रेशन एंड एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AB6356004 | U79110HR2024PTC120505 | मॉडली क्रू प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AB7881036 | U02303HR2024PTC121855 | व्हाइट गोल्ड फार्मलैंड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AB7039650 | U79110HR2024PTC119895 | विसाथिंग ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AB7053806 | U62090HR2024PTC121534 | हरिकेन टेक्नोलॉजी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AB6994974 | U10619HR2024PTC117972 | स्विल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AB6846428 | U50219HR2024PTC118091 | लखनऊ क्रूज लाइंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AB7260469 | U47711HR2023PTC114013 | ट्रायका क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AB7223239 | U62013HR2023PTC111818 | केफाई सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AB6800441 | U56301HR2023PTC111097 | पंकाव हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AB6430638 | U82990HR2023PTC110931 | नेस्टलर सेल्सएक्सट्रीम प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AB7042730 | U74999HR2022PTC107498 | आईक्यू सर्विलांस सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AB6115797 | U55101HR2022PTC102249 | प्रजापति जेम्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AB6845987 | U70109HR2022PTC103766 | अर्बनलैंड इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AB6899214 | U72900HR2022PTC103845 | इंटिमेटसॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AB6243605 | U55209HR2021PTC099302 | पंचिंग डो प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AB5779782 | U74999HR2021PTC093878 | आउटशाइन कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AB6967728 | U33309HR2021PTC095816 | स्किग प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AB7462128 | U51391HR2021PTC096328 | अलपास ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AB7784278 | U22300HR2021PTC094504 | बीन बैग थ्योरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AB6686228 | U74999HR2020PTC091001 | के 2 कोल्डस्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | AB6548359 | U72200HR2019PTC083617 | टेकएटवर्क सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 31 | AB6885515 | U80900HR2019OPC081620 | एम्प एजुटेक (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 32 | AB5855713 | U74999HR2018PTC073824 | वैल्यू बाय प्राइवेट लिमिटेड |
| 33 | AB7231493 | U10612HR2019PTC079226 | ओरियन स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 34 | AB6401590 | U52399HR2016PTC058191 | एक्सोटिक फाइंड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 35 | AB7096927 | U52609HR2013PTC048830 | अरालियस ड्यूटी फ्री सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 36 | AB6955068 | U52100HR2011PTC042056 | काजुकी मुंजाल ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 37 | AB6778030 | U85500HR2011PTC042190 | आईवीटी एजुकेशन एवं एम्प्लॉयमेंट प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति /संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति /संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

रौनक अग्रवाल
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0426/2526

भारतीय सेना को मिलेगी नई ताकत

# तैयार हो रही 20 भैरव बटालियन, दुश्मनों की उड़ेगी नींद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय सेना अगले छह महीनों के भीतर 20 भैरव बटालियन तैयार कर रही है। पांच भैरव लाइट कमांडो पहले से ही भारतीय सेना में तैनात हैं। जो देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय हैं। भारतीय सेना की इंफ्रेंट्री शाखा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया कि इन पांच बटालियनों के अलावा करीब चार और तैयार हैं, जबकि बाकी 16 अगले छह महीने के भीतर तैयार हो सक्रिय हो जाएंगी।

दरअसल, भैरव बटालियन का काम सेना पारंपरिक बल औरविशिष्ट पैरा-स्पेशल बलों के बीच पुल का काम करेंगी। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। जिसे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज गति से ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है।

**खास बातें**

- एक भैरव बटालियन में 250 सैनिक शामिल
- 5 भैरव लाइट कमांडो पहले से ही सेना में तैनात
- शेष 16 बटालियन अगले 6 माह में तैयार

*भैरव बटालियन सेना पारंपरिक बल औरविशिष्ट पैरा-स्पेशल बलों के बीच पुल का काम करेंगी। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। जिसे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज गति से ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है*



### देश के अलग-अलग हिस्सों में तैनात

एक भैरव बटालियन में 250 सैनिक होते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी हैं। इसमें नमें एक लेह, एक श्रीनगर और एक नगरोटा में है। बाकी दो बटालियन वेस्टर्न और ईस्टर्न बॉर्डर के रेगिस्तानी और पहाड़ी इलाकों में तैनात हैं। लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया कि एक लेह में 14 कॉर्प्स के साथ है, एक श्रीनगर में 15 कॉर्प्स के साथ और एक नगरौटा में 16 कॉर्प्स के साथ तैनात किया गया है।

### सेना के पास फिलहाल 380 इंफ्रेंट्री यूनिटें

भैरव बटालियन सामान्य पैदल सेना जैसी नहीं हैं, बल्कि इनमें एयर डिफेंस, तोपखाना और सिग्नल जैसी आर्म्स के सैनिक भी शामिल हैं। कुमार ने बताया कि भारतीय सेना के पास फिलहाल 380 इंफ्रेंट्री (पैदल सेना) यूनिटें हैं। जो पूरी तरह ड्रोन संचालन के काम में लगेंगी। इन प्लाटून के पास कई तरह के ड्रोन हैं, जिनसे दुश्मन पर निगरानी, जानकारी जुटाने और हमले जैसे काम किए जा सकते हैं।

### दुश्मन सैनिकों की टोह लेंगे

भैरव कमांडो स्पेशल फोर्सेज के समान होंगे, जिनमें हर भैरव बटालियन को परिचालन क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षित और नियुक्त किया जाएगा। हालांकि इन टुकड़ियों को भारी हथियारों से लैस नहीं किया जाएगा और ना ही उन्हें सबसे जटिल मिशन नहीं सौंपे जाएंगे। उनका मुख्य कार्य दुश्मन सैनिकों की टोह लेना और उनके हमलों को नाकाम करना होगा।

### स्वतंत्र रूप से करेगी काम

*लेफ्टिनेंट जनरल कुमार के मुताबिक भैरव बटालियन को अचानक हमले, आतंकवाद-रोधी और सीमा गश्त जैसे उच्च-प्रभाव वाले अभियानों को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भैरव बटालियन को उनकी एकीकृत संरचना ही अलग बनाती है। इस बटालियन में ना सिर्फ सेना की इंफ्रेंट्री से बल्कि आर्मी एयर डिफेंस और आर्टिलरी रेजिमेंटों से भी सैनिकों को शामिल किया जाएगा ताकि कठिन परिस्थितियों में स्वतंत्र रूप से काम करने में सक्षम कुशल टीमें बनाई जा सकें।*

### ड्रोन प्लाटून से सुसज्जित हुई सेना

*कुमार ने बताया कि भारतीय सेना इंफ्रेंट्री आधुनिकीकरण योजना के तहत 2,770 करोड़ रुपए की लागत से 4.25 लाख युद्धक कार्बाइन भी खरीद रही है। 380 पैदल सेना बटालियनों में से हर एक के पास अब एक अश्नि ड्रोन प्लाटून है जिसमें कम से कम चार निगरानी ड्रोन शामिल हैं और छह सशस्त्र श्रेणी के हैं। सशस्त्र ड्रोनों में कामिकेज ड्रोन और सटीक गोला-बारूद गिराने वाले मानवरहित हवाई वाहन भी शामिल होंगे।*

## खबर संक्षेप

### पंजाबी युवक ने नशे में ट्रक दौड़ाया, 3 की मौत



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में पंजाब के ट्रक ड्राइवर ने करीब 10 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा 22 अक्टूबर को हुआ। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान 21 साल के जशनप्रीत सिंह के रूप में हुई है।

### सुनील ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुरस्कार



**लंदन।** भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थः एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार प्रदान किया। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25,000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है।

### दाऊद से जुड़ा दुबई से सलीम शेख अरेस्ट



**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 7 ने दुबई से डिपोर्ट कर दाऊद नेटवर्क से जुड़े सलीम डोला के करीबी साथी मोहम्मद सलीम सुहेल शेख को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से दुबई में बैठकर भारत में चल रहे ड्रग नेटवर्क को संचालित कर रहा था। जांच में सामने आया कि उसका कनेक्शन सांगली जिले में चल रही मेफेड्रोन फैक्ट्री से था।

### वांगचुक की पत्नी बोली आईबी पीछा कर रही



**नई दिल्ली।** लद्दाख के सामाजिक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में यह दावा किया है कि उनके पीछे लगातार इंटेलिजेंस ब्यूरो का सर्विलांस लगा हुआ है। इसके चलते उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। मैं जहां भी जाती हूं खुफिया अधिकारी मेरा पीछा करते हैं।

## आलंद विधानसभा क्षेत्र में 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा

एसआईटी की जांच में आया सामने

# एक वोट हटवाने की कीमत 80 रुपये 6 संदिग्धों पर कस दिया शिकंजा

कर्नाटक के कालाबुरगी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र में हुए 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पाया है कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से वोट डिलीट करने की साजिश रची गई थी। अब एजेंसी ने इन पर कार्रवाई शुरू कर दी है

एजेंसी ⏭ कालाबुरगी

कर्नाटक के कालाबुरगी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र में हुए 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पाया है कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से वोट डिलीट करने की साजिश रची गई थी। जांच में सामने आया कि प्रत्येक हटाए गए वोट के लिए संदिग्धों को 80 रुपए का भुगतान किया गया था। अब एसआईटी ने इस घोटाले में छह लोगों को मुख्य संदिग्ध मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के शीर्ष सूत्रों के अनुसार आलंद क्षेत्र में करीब 6,994 वोट डिलीट करने के लिए आवेदन दिए गए थे। इनमें से ज्यादातर फर्जी थे। यह क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है और यहां से कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल चुने गए हैं।

### करीब 6,994 वोट डिलीट करने के लिए दिए गए थे आवेदन

**2023** के विधानसभा चुनाव में अनियमितता

यह क्षेत्र मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है



### पाटिल ने किया था पर्दाफाश



पाटिल और मंत्री प्रियांक खरगे ने इस साजिश का खुलासा किया था और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इसकी जानकारी दी थी। पाटिल के मुताबिक, डिलीट करने के लिए जो वोट चुने गए थे, वे अधिकतर दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े कांग्रेस समर्थक थे।

### कांग्रेस की चेतावनी और एसआईटी की कार्रवाई



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई हफ्ते पहले नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस 'वोट चोरी' कांड को गंभीर चुनावी अपराध बताते हुए चेतावनी दी थी। राहुल गांधी ने आलंद के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि मतदाता सूची से जानबूझकर वोट हटाने की कोशिशें लोकतंत्र के साथ धोखा हैं।

### इसके बाद बनी एसआईटी

इसी के बाद कर्नाटक सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया, जिसकी जिम्मेदारी सीआईडी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस बीके सिंह को सौंपी गई। एसआईटी ने अब तक करीब 30 लोगों से पूछताछ की है, जिनमें से पांच से छह लोगों को मुख्य आरोपी के रूप में चिन्हित किया गया है।

### छापेमारी और सबूतों की बरामदगी

एसआईटी ने संदिग्धों से जुड़े डेटा सेंटरों पर छापेमारी की, जहां वोट डिलीट करने के लिए 'वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। जांच एजेंसी ने भाजपा नेता सुबाष गुट्टेदार, उनके बेटों हर्षानंद और संतोष गुट्टेदार तथा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों पर भी छापे मारे। इस दौरान एसआईटी को गुट्टेदार के घर के पास जली हुई मतदाता रिकॉर्ड की फाइलें मिलीं। इस पर गुट्टेदार ने सफाई दी कि दिवाली की सफाई के दौरान घर के कर्मचारियों ने कचरा सामग्री जला दी थी और इसमें कोई गलत नीयत नहीं थी।

### जांच जारी, राजनीतिक हलचल तेज

आलंद विधायक बीआर पाटिल ने कहा कि वे एसआईटी की जांच के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे वोट डिलीट हो जाते, तो उनका चुनाव हारना तय था। साल 2023 के चुनाव में पाटिल ने भाजपा प्रत्याशी सुबाष गुट्टेदार को लगभग 10 हजार वोटों से हराया था।

### जरूरत पड़ी तो जांच का दायरा बढ़ेगा, कर्नाटक पर सवाल

इस बीच, मंत्री प्रियांक खरगे से इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। एसआईटी का कहना है कि अभी जांच आलंद तक सीमित है, लेकिन जरूरत पड़ने पर अन्य क्षेत्रों में भी जांच बढ़ाई जा सकती है। यह मामला कर्नाटक में चुनावी ईमानदारी पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

'ईज ऑफ एजुकेशन' की पहल

# जितेंद्र ने क्षेत्र की टॉपर छात्राओं को दिए लैपटॉप



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र के हर जिले की 2-2 टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया। 10वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाली इन छात्राओं को मंत्री ने लैपटॉप भेंट किए। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों की टॉपर छात्राएं मंत्री के आवास पर नाश्ते और मिठाई वितरण समारोह में शामिल हुईं। इनमें कई छात्राएं दूरस्थ और पहाड़ी इलाकों जैसे कि किश्तवाड़ जिले के छतरो और पाडर क्षेत्र तथा रामबन जिले के पोगल क्षेत्र से आई थीं। डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष मिशनों जैसे आदित्य-एल1 और चंद्रयान-3 में भी महिलाओं की अग्रणी भूमिका रही है।उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे तकनीक का उपयोग न केवल अपनी पढ़ाई के लिए करें बल्कि समाज के विकास के लिए भी उसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के हर वर्ग और हर लिंग के छात्रों के लिए अवसरों के लोकतंत्रीकरण को सुनिश्चित किया है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में होगी इन्हें आसानी

लैपटॉप प्रदान करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है कि ये छात्राएं ऐसे छोटे-छोटे गांवों और कस्बों से आती हैं, जहां से अब प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रही हैं। यह दिवाली का समय है और इस शुभ अवसर पर मेधावी छात्राओं के लिए शिक्षा को सुगम बनाने का इससे बेहतर उपहार नहीं हो सकता। जैसे हम 'ईज ऑफ बिजनेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' की बात करते हैं, वैसे ही यह 'ईज ऑफ एजुकेशन' और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आसानी की पहल है। आज के छात्र अब अपनी रुचियों और योग्यता के अनुसार विषय चुनने की आजादी रखते हैं। उन्होंने इसे भारत की शिक्षा प्रणाली में एक प्रगतिशील बदलाव बताया, जहां युवा अब अपनी आकांक्षाओं और जुनून के आधार पर करियर चुन रहे हैं।

### महिलाओं की भूमिका पर डाला प्रकाश

उन्होंने कहा आज देश में अवसरों और आकांक्षाओं का वास्तविक लोकतंत्रीकरण हुआ है। मंत्री ने बताया कि छात्र-युवा संबंधी मंत्रालयों में अपने अनुभव से प्रेरित होकर उन्होंने यह नई परंपरा शुरू की है, ताकि प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में देश में करीब 1.75 लाख स्टार्टअप्स पंजीकृत हैं, जिनमें से 50 से 60 हजार महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में भी इस साल की तीनों ऑल इंडिया टॉपर लड़कियां ही हैं।

6जी की छलांग लगाएगा भारत

# ब्रिटेन के साथ 'इनोवेशन सेंटर' शुरू करने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत 6जी की छलांग लगाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इस मामले में भारत ने ब्रिटेन के साथ मिलकर नया कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है।

यूके इन इंडिया ने 'एक्स' पर लिखा कि यूके और भारत ने एक नया कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है, जो 6जी के भविष्य के निर्माण की दिशा में एक बड़ी छलांग है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस में घोषित, 24 मिलियन पाउंड (करीब



255 करोड़ रुपए) की यह संयुक्त पहल नेटवर्क को तेज, स्मार्ट और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एआई का उपयोग करेगी। यूके-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल और विजन 2035 के तहत कार्यान्वित, यह केंद्र डिजिटल पहुंच को अधिक समावेशी और विश्वसनीय बनाने के लिए दोनों देशों के शीर्ष विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा।

इसरो प्रमुख नारायणन का दावा

# गगनयान में 90% काम पूरा 2027 में स्पेस में जाएंगे मानव

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसरो के प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है। गगनयान मिशन बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। इस मिशन के लिए रॉकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, ऑर्बिटल



मॉड्यूल तैयार करना था, और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव-संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं। इसरो प्रमुख ने कहा कि अब तीन बिना मानव वाले मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही 2027 में अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा।

भारतीय नौसेना की 'कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025' शुरू

# एडमिरल त्रिपाठी बोले- देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए इंडियन नेवी सदैव तैयार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली में भारतीय नौसेना की कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025 शुरू हुई। इस दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के समर्पण, व्यावसायिक दक्षता और सतत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्ट संचालन क्षमता को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय बताया।

कहा कि भारतीय नौसेना क्षेत्र में राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए तत्पर, अनुकूल और सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए तत्परता, अनुकूलनशीलता और सक्रिय सहभागिता के माध्यम से क्षेत्र में अपनी भूमिका सशक्त रूप से निभा रही है।



### एयरचीफ मार्शल सिंह ने भी संबोधित किया

*सम्मेलन के पहले दिन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी नौसेना के कमांडरों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका की सराहना की और सामान्य योजना, समन्वित अभियानों तथा संयुक्तता को सशक्त बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं के बीच संयुक्त वायु अभियानों, इंटरऑपरेबिलिटी और एकीकृत संचालन को और मजबूत करने की आवश्यकता है।*

ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका

# तेल बेड़े पर लगाया प्रतिबंध, रूसी राजनयिकों की आवाजाही सीमित

एजेंसी ⏭ ब्रुसेल्स

रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के विदेश मंत्री और यूरोपीय संघ के अध्यक्ष लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है।



### रूस की दो तेल कंपनियां बैनः यूएस

*अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को घोषणा की है कि अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल सहित दर्जनों सहायक कंपनियों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। रोसनेफ्ट और लुकोइल के साथ-साथ दर्जनों सहायक कंपनियों पर प्रतिबंध का यह निर्णय महीनों से चल रहे दलीय दबाव के बाद लिया गया। बता दें, रूस के लिए अंतरराष्ट्रीय शिपिंग नियमों के तहत अपना कच्चा तेल बेचना मुश्किल हो गया है।*

## 4 मिनट में 895 करोड़ रुपये का बेशकीमती सामान साफ

# 72 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग, लूव्र म्यूजियम में जुटे 100 स्पेशल एजेंट

एजेंसी ⏭ पेरिस

फ्रांस की राजनधानी पेरिस की लूव्र म्यूजियम में रविवार को हुई डकैती को लेकर अब तक पुलिस को कोई बड़ा सुराग नहीं मिला है। पेरिस के अभियोजक लॉर बेक्कुओ के अनुसार चोरी हुए गहनों की कीमत करीब 895 करोड़ रुपए है। चोरी हुए सामान में एक शाही नीलम का हार, शाही पन्ने का हार-इयररिंग्स और नेपोलियन तृतीय की पत्नी का एक ताज भी शामिल है। बेक्कुओ ने कहा कि अगर चोर इन गहनों को पिघला कर वापस बेचने की कोशिश करेंगे तो ऐसे में उन्हें बड़ी रकम मिलना मुश्किल है।

शाही गहने गायब जांच जारी

सुरक्षा में चूक पर सवाल उठे



### किंग चार्ल्स की ऐतिहासिक तलवार भी चोरी

पेरिस के लूव्र म्यूजियम के इतिहास में इससे पहले कई बार बेशकीमती चीजों की चोरी हो चुकी है। इसमें किंग चार्ल्स की ऐतिहासिक तलवार भी शामिल है। साल 1792 में 10 हजार से अधिक कीमती पत्थरों को चुरा लिया गया था। इसमें 'फ्रेंच ब्लू हीरा' शामिल था।

### पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे नहीं

*उधर, फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट न्यूनेज, संस्कृति मंत्री राशिदा दाती और न्याय मंत्री जेराल्ड डामनिन ने इस चोरी के सिलसिले में म्यूजियम में बैठक की। बैठक में डार्मनिन ने कहा कि घटना के दौरान म्यूजियम में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। डकैती के समय अलार्म बजने के बावजूद पुलिस सक्रिय नहीं दिखी। फिलहाल जांच दल 100 स्पेशल एजेंटों के साथ खोजबीन कर रही है।*

### 1200 सुरक्षा गार्ड के होते हुए चोरी

*बता दें, म्यूजियम की सुरक्षा में 1200 गार्ड और 52 से अधिक दमकलकर्मी शामिल थे। म्यूजियम के गार्ड लंबे समय से काम की खराब स्थिति की शिकायत कर रहे थे।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25